जबलपुर, सोमवार
13 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 287
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
शब्दों की ताकत को कम मत आंकिए, क्योंकि छोटा सा 'हाँ' और छोटा सा 'ना' पूरी ज़िंदगी बदल देता है।

2 धू-धू कर जली कोच, सार्ट सर्किट...
5 नवागत कलेक्टर ने मां नर्मदा की...
7 परमाणु हथियार की जिद और...
11 बेटियों और बहनों के विकास...

# 21 घंटे की वार्ता बेनतीजा: जिद पर अड़ा ईरान, ट्रंप का क्या होगा प्लान

**नई दिल्ली।** 13 हजार हमलों के भारी दबाव के बीच इस्लामाबाद में हुई 21 घंटे की सीजफायर वार्ता पूरी तरह फेल हो गई है। जेडी वेंस बिना किसी समझौते के खाली हाथ अमेरिका लौट गए हैं, क्योंकि ईरान ने परमाणु प्रोग्राम बंद करने की अमेरिकी शर्त को ठुकरा दिया है। अब फैसला ट्रंप के पाले में है। बड़ा सवाल यही है कि सीजफायर खत्म होने के बाद क्या मिडिल ईस्ट में फिर से धमाके गूंजेंगे, या फिर शांति का कोई नया रास्ता निकलेगा? दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी थीं कि क्या अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग अब रुक जाएगी? अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान के बीच करीब 21 घंटे तक मैराथन बातचीत चली, लेकिन नतीजा निकला शून्य। अमेरिका को लग रहा था कि भीषण बमबारी और 13 हाजर ठिकानों को तबाह करने के बाद ईरान बात मान लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वेंस इस्लाबाद से खाली हाथ वापस लौट आए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब आगे क्या? क्या फिर से बम बरसेंगे या बातचीत का कोई और रास्ता निकलेगा? असल में सारा मामला वहीं आकर अटक गया है जहां फरवरी में अटका था। वेंस ने ईरान के सामने साफ कह दिया कि यह हमारा आखिरी ऑफर है, इसे मानो या छोड़ दो। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना परमाणु प्रोग्राम हमेशा के लिए बंद कर दे। लेकिन ईरान ने दो टूक कह दिया कि उन्हें यह मंजूर नहीं है। वेंस ने पत्रकारों से कहा, हमने अपनी लक्ष्मण रेखा साफ कर दी थी, लेकिन उन्होंने हमारी शर्तें मानने से इनकार कर दिया। इस बातचीत के फेल होने के बाद अब ट्रंप प्रशासन के सामने बहुत ही



कम विकल्प बचे हैं। ट्रंप को लगता था कि 38 दिनों की भीषण बमबारी और 13 हजार ठिकानों को तबाह करने के बाद ईरान डर जाएगा और उनकी बात मान लेगा, लेकिन ईरान ने साफ कर दिया कि चाहे कितना भी बारूद क्यों न बरस जाए, वो झुकने वाला नहीं हैं।

### साख और संकट के बीच फंसे ट्रंप

अब ट्रंप के सामने जो रास्ते हैं, वे बड़े पेचीदा हैं। एक रास्ता है कि वे ईरान के साथ फिर से वैसी ही लंबी बातचीत शुरू करें जैसी ओबामा के दौर में हुई थी। आपको बता दें कि उस समय एक डील होने में पूरे 2 साल लग गए थे। दूसरा बड़ा खतरा तेल और महंगाई का है। होर्मुज की खाड़ी पर अब ईरान ने अपनी पकड़ मजबूत करने की ठान ली है। युद्ध की वजह से पहले ही पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं, खाद से लेकर कंप्यूटर चिप बनाने वाली गैस तक की कमी हो गई है। अगर ट्रंप फिर से हमला शुरू करते हैं, तो शेयर बाजार गिर जाएगा और महंगाई इतनी बढ़ जाएगी कि आम जनता का जीना मुश्किल हो जाएगा।

### अब किसी जहाज को नहीं आने-जाने देंगे: ट्रंप


ईरान के साथ इस्लामाबाद में शांति वार्ता बेनतीजा रहने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अमेरिका जल्द ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में आने-जाने वाले जहाजों की नाकेबंदी शुरू करेगा। उनका यह बयान क्षेत्र में तनाव को और बढ़ाने वाला माना जा रहा है। ट्रंप ने कहा, अमेरिकी नौसेना तुरंत प्रभाव से होर्मुज में प्रवेश करने या वहां से निकलने वाले सभी जहाजों को रोकने की प्रक्रिया शुरू करेगी। मैंने अपनी नौसेना को यह भी निर्देश दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरान को टोल चुकाने वाले प्रत्येक जहाज की तलाश करे और उसे रोके।

# जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है मोदी सरकार

## कांग्रेस ने बयानों की टाइमलाइन शेयर कर सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली।

जातिगत जनगणना को लेकर राज्यसभा सांसद व कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है और हमेशा की तरह देश को गुमराह कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट जातीय जनगणना को लेकर पिछले एक साल में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा दिए गए बयानों की टाइमलाइन शेयर की। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। उन्होंने कहा, 20 जुलाई 2021 को लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने कहा था कि भारत सरकार ने नीति के रूप में यह निर्णय लिया है कि जनगणना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अलावा अन्य जातियों की गणना नहीं की जाएगी। जयराम रमेश ने बताया कि 21 सितंबर 2021 को मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर यह कहा था कि उसने जाति जनगणना न कराने का एक सोच-समझकर लिया गया



नीतिगत निर्णय किया है। कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा, 28 अप्रैल 2024 को एक टेलीविजन इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने जाति जनगणना की मांग उठाने पर कांग्रेस पर 'अर्बन नक्सल मानसिकता' का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, 30 अप्रैल 2025 को, जब देश कुछ दिन पहले हुए पहलगाम आतंकी हमले के सदमे से उबर भी नहीं पाया था, तभी मोदी सरकार ने अचानक घोषणा कर दी कि आगामी जनगणना के हिस्से के रूप में जाति जनगणना कराई जाएगी।

### अनुच्छेद 334-ए में संशोधन क्यों

कांग्रेस नेता ने बताया, 30 मार्च 2026 को प्रेस कॉन्फ्रेंस में रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त ने कहा था कि चल रही जनगणना 2027 के अधिकांश परिणाम 2027 में ही उपलब्ध हो जाएंगे, क्योंकि पूरी जनगणना डिजिटल तरीके से की जा रही है। अब मोदी सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन करना चाहती है, यह कहते हुए कि जाति जनगणना के परिणाम कुछ वर्षों तक उपलब्ध नहीं होंगे। जबकि यह तथ्य नजरअंदाज किया जा रहा है कि बिहार और तेलंगाना दोनों ने व्यापक जातिगत सर्वेक्षण छह महीने से भी कम समय में पूरा कर लिया था।

### देश को गुमराह कर रहे प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री हमेशा की तरह देश को गुमराह कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर भ्रम फैलाने में लगे हैं। अब वे उस प्रावधान में संशोधन करना चाहते हैं, जिसे संसद ने सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया था। सीधा सीधा छिपा हुआ एजेंडा यही है कि जाति जनगणना कराना ही नहीं है। इससे पहले जयराम रमेश ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

## उमा भारती के लिए चेन पुलिंग कर रोकी ट्रेन

**झांसी।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के लिए रविवार को झांसी में चेन पुलिंग कर पंजाब मेल रोकनी पड़ी। उमा भारती प्लेटफॉर्म पर पहुंचीं तो नई दिल्ली जाने वाली पंजाब मेल रवाना हो चुकी थी। उमा के समर्थकों ने तत्काल ट्रेन को रुकवाया। उमा भारती ने एक्स पर रेलमंत्री से शिकायत कर कहा कि ट्रेन समय से पहले रवाना हो गई थी। यह पूरी घटना रेलवे की अव्यवस्था का नतीजा है। आज जो मेरे साथ हुआ है, वो आए दिन यात्रियों के साथ हो रहा है।



## बीजेपी ने सांसदों के लिए जारी किया व्हिप

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है। इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी।

# सूनी हुई संगीत की दुनिया

## मशहूर गायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन

मुंबई।

बॉलीवुड की लेजेंडरी सिंगर्स में से एक आशा भोसले ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। वो 92 साल की थीं। आशा भोसले को 11 अप्रैल को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। आशा भोसले ने 40 के दशक में अपने करियर की शुरुआत की थी। आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। वह पंडित दीनानाथ मंगेशकर की तीसरी बेटी थीं। बॉलीवुड की स्वर कोकिला कहलाने वाली लता मंगेशकर उनकी बड़ी बहन थीं। आशा भोसले ने महज 10 साल की उम्र में संगीत की दुनिया में कदम रखा था। उनका पहला गाना मराठी भाषा में था, जिसका नाम था 'चला चला नव बाल।' आशा ने ये गाना अपनी बहन लता मंगेशकर के साथ गाया था। मगर उन्हें पहचान 16 की उम्र में 'रात



की रानी' फिल्म के लिए गाना गाने से मिली। इस फिल्म में सिंगर ने अपना पहला सोलो गाया था। इसी के साथ वो रातोरात स्टार बनीं। आशा भोसले के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। अपने टैलेंट के दम पर वह ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाली पहली भारतीय महिला सिंगर बनी थीं। आशा को 2005 में ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया था। इतना ही नहीं, उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। 2011 में सबसे ज्यादा स्टूडियो रिकॉर्डिंग के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। उन्होंने 20 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में 12 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। इसी के चलते उन्हें ये बड़ा खिताब मिला।

# काल बना इंतजार का पल

## तेज रफ्तार वाहन ने पांच लोगों को रौंदा, सभी की मौके पर मौत

**डिंडोरी (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। यहां गाड़ा सरई थाना क्षेत्र के किकरा तालाब गांव के पास एक अनियंत्रित कैप्सूल वाहन ने सड़क किनारे बैठे पांच लोगों को बेरहमी से कुचल दिया। हादसे में पांचों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में राजकरण, बिहारी, बिहारी का बेटा, पवन मरावी और बिसाहू धुर्वे शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, घटना जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर रात करीब 12.30 बजे की है। जानकारी के अनुसार परसवाह गांव के निवासी एक पिकअप से सिलयारी गांव में एक चौक कार्यक्रम से लौट रहे थे। किकरा तालाब के पास पिकअप का टायर पंक्चर हो गया। ड्राइवर सड़क किनारे



गाड़ी खड़ी कर टायर बदल रहा था, जबकि पिकअप में सवार लोग नीचे उतरकर पास में ही बैठ गए थे। इसी दौरान अमरकंटक की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कैप्सूल ने इन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों को कुचलने के बाद भी कैप्सूल की रफ्तार कम नहीं हुई। उसने सड़क किनारे बनी एक छोटी मढ़िया, बिजली के पोल और यात्री प्रतीक्षालय को जोरदार टक्कर मारी, जिससे वे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वाहन करीब 300 मीटर दूर जाकर रुका।

**प्रशासनिक सहायता की घोषणा** - घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंजू भदौरिया और एसपी वाहिनी सिंह मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। संबल योजना के तहत मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जबकि रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से 50 हजार रुपये की तत्काल मदद की गई।

# शिवराज करेंगे बिहार के नये मुख्यमंत्री का ऐलान



**पटना।** बिहार में राजनीतिक दृष्टिकोण से अगले दो-तीन बेहद अहम होने जा रहे हैं। नीतीश कुमार सरकार की आखिरी कैबिनेट 14 अप्रैल को होने जा रही है। माना जा रहा है कि उस दिन वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इन सब के बीच विधायक दल के नेता को चुनने की कवायद तेज हो गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक बनाया गया है। बीजेपी विधानमंडल दल की बैठक में चौहान मौजूद होंगे। ऐसे में बीजेपी के लिए सम्राट चौधरी एक मजबूत चेहरा नजर आ रहे हैं। लेकिन अंदरखाने की खबर क्या है? जेडीयू के नेता क्या इसके लिए तैयार हैं? जेडीयू अपनी भूमिका में क्या चाहता है, और अगर नीतीश कुमार सक्रिय राजनीति में सीमित भूमिका लेते हैं, तो पार्टी को संभालने वाला चेहरा कौन होगा? इन सब सवालों पर चर्चाएं तेज हैं। राष्ट्रीय जनता दल के नेशनल कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से जब पूछा गया कि तेजस्वी यादव ये दावा कर रहे हैं कि अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहते, तो जनता दल यूनाइटेड में टूट हो सकती है। इस पर संजय झा ने साफ कहा कि जो लोग टूट की बात कर रहे हैं, उन्हें अपने घर में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भले मुख्यमंत्री न रहें, लेकिन वे बिहार छोड़ने वाले नहीं हैं। संसद सत्र में जाएंगे, लेकिन बाकी समय बिहार में रहेंगे और अगली सरकार भी उनकी नीतियों पर ही चलेगी।

## मैं दिन में सपने नहीं देखता



**भोपाल।** कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह के तीसरी बार राज्यसभा जाने से इनकार करने के बाद कांग्रेस में केंडिडेट को लेकर रेस चल रही है। इस बीच राज्यसभा सीट पर उम्मीदवारी को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- सच्चाई ये है कि न तो हमें कोई चाहता है, न कुछ होना है। गोविंद सिंह दिन में सपने नहीं देखा करते।

## ट्रेन से मुस्लिम बच्चों की तस्करी, 165 रेस्क्यू

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात पटना-पुणे एक्सप्रेस से 165 मुस्लिम बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इन्हें संदिग्ध हालात में बिहार से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने सद्दाम हुसैन और अमानुल्लाह समेत 8 लोगों के खिलाफ बच्चों की तस्करी (बीएनएस की धारा 143) के तहत केस दर्ज किया है। रेस्क्यू किए गए 165 में से 84 बच्चों को रात में ही दो बसों से जबलपुर के बाल गृह भेज दिया गया, जबकि 81 बच्चों को कटनी बाल गृह में रखा गया है।

# संविधान को कमजोर करना चाहती है आरएसएस और बीजेपी की विचारधारा

## राहुल गांधी ने की 'रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन' मैराथन की शुरुआत

नई दिल्ली।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को 'रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन' मैराथन की शुरुआत की। इस मैराथन का आयोजन कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग की ओर से किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान और उनकी सोच के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि आज हम बीआर अंबेडकर को याद कर रहे हैं। उनका संदेश ही संविधान का संदेश था और यही संविधान हमारे लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा की विचारधारा से जुड़े कुछ लोग अंबेडकर की सोच और भारतीय संविधान को कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इनका उद्देश्य संविधान को कमजोर करना है क्योंकि वे नहीं चाहते कि देश के सभी नागरिकों को



बराबरी का अधिकार मिले। यह विचारधारा समानता के खिलाफ है और संविधान की मूल भावना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि उनका लक्ष्य संविधान को बचाना, उसे और मजबूत बनाना और देश के हर कोने तक उसकी सोच और सुरक्षा पहुंचाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के हर हिस्से में संविधान की भावना को फैलाना बेहद जरूरी है, ताकि लोगों के अधिकार सुरक्षित रह सकें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस मैराथन का आयोजन किया गया ताकि खासकर युवा पीढ़ी संविधान के महत्व को समझे और उसे मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाए।

# महिला विधेयक पर मोदी ने मांगा समर्थन

नई दिल्ली (वार्ता)।

महिला आरक्षण विधेयक के समय को लेकर नाराज चल रहे विपक्ष के साथ आम सहमति बनाने की सरकार की कवायदों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित इस विधेयक को पारित कराने के लिए गुरुवार से एक बार फिर शुरू होने वाली संसद की बैठक से पहले शनिवार को लिखे पत्र में इस विधेयक पर होने वाली चर्चा को ऐतिहासिक बताते हुए इसे लोकतंत्र को और सशक्त बनाने का अवसर करार दिया है और कहा है कि वह इस बारे में सबकी सामूहिक प्रतिबद्धता की भावना से यह पत्र लिख रहे हैं । उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित एक ऐतिहासिक चर्चा होने जा रही है। यह विशेष सत्र हमारे लोकतंत्र को और सशक्त बनाने का एक अवसर है। यह एक ऐसा क्षण भी है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ने और सभी को साथ लेकर चलने की अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहरा सकते हैं। मैं इसी भावना और उद्देश्य के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूँ। प्रधानमंत्री ने सांसदों से इस विधेयक को एक स्वर से पारित करने के लिए दलगत राजनीति से उपर उठकर एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूँ ताकि हम सभी एक स्वर में इस संशोधन को पारित करने के लिए एकजुट हों। यह अच्छा होगा कि अधिक से अधिक सांसद इस विषय पर संसद में अपने विचार व्यक्त करें। यह क्षण किसी एक दल या व्यक्ति से ऊपर है। यह महिलाओं और हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी दिखाने का समय है। चूँकि सभी राजनीतिक दल लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते रहे हैं, इसलिए अब उस आकांक्षा को वास्तविकता में बदलने का यह सही समय है। यह देश की नारी शक्ति और 140 करोड़ भारतीयों के लिए एक महान उपलब्धि होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सभी एक साथ आकर संसद में इस ऐतिहासिक कार्य को पूरा करेंगे।



### इसे पूरा करने का समय आ गया

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विषय दशकों से चर्चा में रहा है और अब इसे पूरा करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि संसद और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण का विषय दशकों से चर्चा में रहा है। वर्ष 2023 में विभिन्न दलों के सांसद नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में संसद में एकजुट हुए। वह एक यादगार क्षण था जिसने हमारी एकता को दर्शाया।

### सभी दलों को लिखा पत्र- दल को परे रखकर एकस्वर में पारित करें विधेयक

### महिला आरक्षण के साथ हों चुनाव

*प्रधानमंत्री ने कहा कि विस्तृत विचार-विमर्श के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि अब समय आ गया है कि पूरे देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को उसकी वास्तविक भावना के अनुरूप लागू किया जाए। यह आवश्यक है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ आयोजित किए जाएँ। इससे भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।*

# धू-धू कर जली कोच, शार्ट सर्किट या कुछ और बना चर्चा का विषय

## आगजनी से निपटने रेलवे स्टेशन ब्यौहारी में कोई पुख्ता इंतजाम नहीं





ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

भारतीय रेलवे में ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई कार्यशाला सह आराम वैन को कैंपिंग कोच कहा जाता है। यह कोच पटरियों के रखरखाव करने वाले कर्मचारियों के लिए एक चलता-फिरता घर और कार्यशाला होती है, जिसमें रहने के साथ-साथ आवश्यक औजारों की मरम्मत की सुविधा भी होती है। इसमें लंबी ड्यूटी के दौरान, विशेषकर दूर दराज के क्षेत्रों में काम करते समय, ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए आराम, खाना पकाने और रहने की व्यवस्था होती है। रेलवे स्टेशन ब्यौहारी मे खड़ी कैमपिंग कोच के एक बोगी मे अचानक आग लग गयी और वह धू धू कर जलने लगा और अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। आग किस कारण और कैसे लगी उसका अभी खुलासा नहीं हो सका है। आन फान मे उस बोगी को अलग किया गया और नगर परिषद ब्यौहारी को फोन कर फायर बिग्रेड बुलाया गया इसके बाद नगर परिषद के कर्मचारियों के काफी मसख्त के बाद आग पर काबू पाया गया।

कमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग, बड़ा हादसा टला जिस कोच मे आग लगी थी उसमे खाना बनाने के लिये कमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। कोच के किचन मे 2 सिलेंडर लगे थे किन्तु वंहा आगजनी से निपटने का कोई पुक्ता इंतजाम नहीं देखा गया।

गरीमत यह रही की सिलेंडर पर आग नहीं लगी और बड़ा हादसा होने से बच गया। लोगों का सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि वंहा रखा सिलेंडर फटता तो फिर वंहा की स्थिति क्या होती, रेलवे स्टेशन प्रबंधक द्वारा स्टेशन मे आगजनी से निपटने हेतु कोई ठोस प्रबंध क्यों नहीं किया गया है?

### जांच से आगजनी का हो सकता है खुलासा

उक्त कोच मे आग कैसे लगी अभी इसका खुलासा नही हो पाया है। कुछ लोगों द्वारा सर्टसर्किट से आग लगना बताया जा रहा है तो वंही कुछ लोगों शंका जतायी जा रही है की वंहा खाने पीने के दौरान धूम्रपान करने के कारण आग लगी है हकीकत क्या है उसका खुलासा जांच से ही हो सकता है जिसके लिये लोगों ने रेलवे प्रबंधक से उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है।

## राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 26 अप्रैल को किया जाएगा। यह परीक्षा आएमआर पद्धति से दो सत्रों में संपन्न होगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। संयुक्त कलेक्टर द्वारा जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि परीक्षा से संबंधित सभी गोपनीय सामग्री जैसे प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिकाएं एवं अन्य अभिलेख कोषालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे जाएं। परीक्षा समाप्ति के बाद सीलबंद उत्तर पुस्तिकाएं एवं अन्य गोपनीय सामग्री आयोग में जमा कराने तक पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 5 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।



# अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज की बैठक संपन्न, एकता के साथ निकलेगी परशुराम जयंती की शोभायात्रा

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती एवं आगामी भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष समाज के सभी सदस्य एक मंच पर आकर जयस्तंभ चौक से निकलने वाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होंगे। अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज द्वारा भगतसिंह कॉम्प्लेक्स से अलग से शोभायात्रा निकाली जाती रही है, किन्तु इस बार समाज की एकता एवं अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए समाजजनों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि समस्त ब्राम्हण समाज एकजुट होकर जयस्तंभ चौक से निकलने वाली मुख्य शोभायात्रा में सहभागिता करेगा।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय समाज में आपसी समन्वय, भाईचारे एवं सामूहिक शक्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज के गौरव, संस्कृति एवं परंपराओं का भी परिचायक है। इस आयोजन के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया और संकल्प लिया कि इस वर्ष की शोभायात्रा को भव्य, आकर्षक एवं अनुशासित रूप से आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर पंडित राजेश्वर उदानिया, पंडित बाल्मीक गौतम, पंडित अजय अवस्थी, पंडित पीयूष शुक्ला, पंडित प्रभात पाण्डेय, पंडित राजेश पाठक, पंडित मुरली गौतम, पंडित विवेक तिवारी, पंडित प्रीतेश द्विवेदी, पंडित अनुपम गौतम, पंडित अरुण द्विवेदी, पंडित सोनू द्विवेदी सहित ब्राम्हण समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की गई।



## अवैध रेत उत्खनन करते ट्रैक्टर सहित आरोपी पर मामला दर्ज

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्राम बोडिहा स्थित बनास नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर उसका परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। जांच के दौरान वाहन में रेत लोड पाई गई, जिसके वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी राजकुमार तिवारी निवासी अमहाखेरवा टोला थाना ब्यौहारी के खिलाफ खनिज अधिनियम सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# जिला शहडोल इंडियन कराते संघ की बैठक सम्पन्न

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

स्टार पब्लिक स्कूल बुरानी बस्ती के में जिला स्तर इंडियन कराते की बैठक हुई सम्पन्न इस बैठक में मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष व राष्ट्रीय इंडियन कराते प्रमुख्य राजेंद्र सिंह तोमर व मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हनुमान तिवारी की उपस्थिति में हुई जिसमें जिले के समस्त सीनियर प्रशिक्षक शामिल रहे।



वहीं एसोसिएशन के सहमति से विराट मार्शल आर्ट्स एकेडमी के संचालक प्रमोद विश्वकर्मा को जिला अध्यक्ष एवं आर,के, मार्शल आर्ट्स एकेडमी के संचालक रामकिशोर चौरसिया जिला सचिव और कोषाध्यक्ष युवराज सिंह को बनाया गया वही मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष तोमर द्वारा निर्देश दिए गए की समय समय पर जिला स्तर पर गतिविधियां संचालित करते रहे साथ ही खिलाड़ियो सही प्रशिक्षण देकर उनका खेल स्तर में सुधार किया जा सके ताकि खिलाड़ियों को राज्य/राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित कर सके साथ ही जिला एसोसिएशन की पूर्ण कार्यकारणी बनाई गई जिसमें उपाध्यक्ष शिवानी नामदेव सहसचिव साहिल जैसवाल, वंशिका सिंह सदस्य अभीप्सा सिंह ,इशिका वर्मा ,प्राची सिंह,कषिका मंसूरी, आदित्य सिंह ,अभिनव सिंह को दायित्व दिया गया।

# मोटरसायकल सहित आरोपी गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

थाना गोहपारू पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना गोहपार क्षेत्र में हुई मोटरसायकल चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। फरियादी रामनरेश यादव पिता सहसराम यादव उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम क्योटार थाना बिजुरी हाल थाना गोहपारू थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी मोटरसायकल क्रमांक एमपी 18 एमटी 2180 बजाज पल्सर 125 सीसी (काला रंग) अज्ञात चोर द्वारा उनके किराये के कमरे के सामने से चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर थाना गोहपारु में अपराध धारा 305(इ) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्परता से अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किये गये। विवेचना के दौरान संदेहियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आरिफ पिता स्व. तौफिक उर्फ अद्दू मुसलमान उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 41 कारीगर मोहल्ला विछिया जिला रीवा को गिरफ्तार किया जाकर पूंछताछ पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से मोटर सायकिल को जप्त किया गया। उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# हटा में सार्वजनिक प्रसाधन व्यवस्था ठप

## जिम्मेदारों की उदासीनता से बढ़ी परेशानी



**हटा।** स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन हटा नगर की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। नगर में सार्वजनिक प्रसाधन सुविधाओं का गंभीर अभाव है जिससे आमजन, व्यापारी और बाहर से आने वाले यात्री रोजाना भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शहर के प्रमुख बाजारोंए चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में कहीं भी पर्याप्त सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं हैं जिसके कारण लोग मजबूरन खुले स्थानों या अस्थायी कनागत का सहारा लेने को विवश हैं।

तहसीलदार बंगले के सामने लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। यहां हर सप्ताह बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं लेकिन प्रसाधन सुविधा का नामोनिशान नहीं है। मजबूरी में स्थानीय दुकानदारों ने संजीवनी क्लीनिक के सामने खाली पड़ी जमीन पर अस्थायी कनागत लगा लिया है। लेकिन नियमित सफाई न होने के कारण वहां से उठने वाली दुर्गंध ने हालात बदतर कर दिए हैं। दुकानदारों का कहना है कि बदबू और गंदगी के कारण ग्राहकों का रुकना मुश्किल हो जाता है जिससे उनके व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।

नगर के चिरौल तिराहाए दमोह नाका, बड़ा बाजार, तीन बत्ती तिराहा, राय चौराहा और पेट्रोल पंप क्षेत्र जैसे प्रमुख स्थानों पर भी सार्वजनिक शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को होती है जिन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है या असुविधाजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सीएमओ राजेन्द्र खरे का कहना है कि नगर में चार सुविधा घर स्वीकृत हो गए हैं, जल्द लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## गौ और मानव तस्करी पर ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में बढ़ रही गौ तस्करी और मानव तस्करी की घटनाओं को लेकर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 के जनपद सदस्य हरेन्द्र कुमार मसराम ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने मांग की ज्ञापन में मसराम ने कहा कि जिले में पेसा एक्ट के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्रामसभा स्तर पर उन व्यक्तियों का पूरा लेखा-जोखा रखा जाए जो रोजगार के लिए गांव से बाहर जाते हैं ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व भोले-भाले आदिवासी लोगों को रोजगार का लालच देकर अन्य राज्यों में ले जा रहे हैं।

# मासिक महाआरती का आयोजन



**दमोह।** शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक माह की भांति इस माह भी कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में मासिक महा आरती का आयोजन संपन्न किया गया। जिसमें हजारों मां भक्तों ने मां की दिव्य साधना आराधना की और दिव्य शक्ति जल प्रसाद प्राप्त किया। समापन की बेला में गुरुवर की विचारधारा से अवगत कराते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत ने कहा कि मानव जीवन के लिए इस कलीकाल के वातावरण से पार जाने के लिए गुरुवर द्वारा प्रदान की गई। दिव्य साधना से ही भवसागर पर किया जा सकता है। गुरुवर ने कहा है हमें नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवानों का जीवन जीते हुए जन कल्याण आत्म कल्याण की भावना रखते हुए अगर मां की साधना करते हैं तो निश्चित ही फलीभूत होती है। मीडिया प्रभारी आनंदी रजक ने कहा की समाज में फैली हुई बुराइयां छुआछूत जातिवाद ऊंच नीच जैसे मानव विकृतियों को दूर करने के लिए गुरुवर श्री की विचारधारा पर चलना नितांत आवश्यक है।

# टीईटी से छूट की मांग पर सड़कों पर उतरे शिक्षक, करंजिया में जोरदार प्रदर्शन

**डिंडौरी।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर दूसरे चरण के आंदोलन के तहत करंजिया ब्लॉक में शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक शाखा करंजिया में सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति में महासभा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा में शिक्षकों ने वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार टीईटी परीक्षा से मुक्त किए जाने की मांग उठाई। शिक्षकों का कहना है कि टीईटी परीक्षा का प्रावधान वर्ष 2010 में लागू हुआ, इसलिए उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसे लागू करना अनुचित है और इससे उनके सम्मान को ठेस पहुंचती है।

शिक्षकों ने इस प्रावधान को निरस्त करने के लिए अध्यादेश लाने की मांग की। साथ ही प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान किए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। महासभा के पश्चात शिक्षकों ने करंजिया में रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और भारत के प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षामंत्री, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम नायब तहसीलदार करंजिया को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान रामकुमार गर्ग, सुशील कुमार, नागेश्वर, जीवन मरावी, श्यामलाल विश्वकर्मा, इनायत अली, सैयद फिरोजा बेगम, भारती मरावी, सुनील शुक्ला, सुनील नामदेव, मंजूलता, नर्मदा, उर्मिला मरावी, सावित्री चंदेल, रेवती गवले सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### पातादेई में मिलेगा पेयजल

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मोहगांव के ग्राम पातादेई में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नवभक्ति शुद्ध जल स्वच्छ जल, जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिषद के परामर्श दाताओं द्वारा ग्राम में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों और यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है।

### जिओ नेटवर्क से परेशान

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** निवास क्षेत्र में जिओ के नेटवर्क का सिग्नल न मिलने से स्थानीय उपभोक्ताओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते कई दिनों से नेटवर्क की अनियमितता और अत्यधिक धीमी गति के कारण उपभोक्ताओं के दैनिक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# सांदीपनि विद्यालय निर्माण में मिट्टी का खेल

## डेढ़ करोड़ के बिल पर मचा बवाल



**हटा।** करोड़ों की लागत से बन रहे सांदीपनि विद्यालय में इन दिनों मिट्टी ही सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है। निर्माण कार्य के बीच मुरम-मिट्टी भराई के बिल भुगतान को लेकर ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के बीच तनातनी खुलकर सामने आ गई है। लोक निर्माण विभाग की भवन शाखा पीआईयू के तहत करीब 32 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस प्रोजेक्ट में ठेकेदार ने हाल ही में डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा की मिट्टी भराई का बिल प्रस्तुत किया। जैसे ही अधिकारियों की नजर बिल की राशि और दर्शाई गई मात्रा पर पड़ी, उनके होश उड़ गए। जांच में सामने आया कि मिट्टी की मात्रा का आंकलन उस पुरानी तलैया की गहराई के आधार पर किया गया जो वर्षों से मॉडल स्कूल परिसर में मौजूद थी और हाल ही में नगर पालिका द्वारा उसका गहरीकरण भी कराया गया था। यानि कागजों में जो भराई दिखाई गई, वह जमीन पर सवालों के घेरे में आ गई।

यह पहला मौका नहीं है जब निर्माण कार्य विवादों में आया हो। इससे पहले भी नींव और शुरुआती फिलिंग में काली मिट्टी के इस्तेमाल पर गंभीर आपत्ति दर्ज की गई थी।

कलेक्टर सुधीर कोचर के निरीक्षण के बाद ठेकेदार ने काली मिट्टी हटाने की रिपोर्ट तो दी लेकिन तब भी ठेकेदार और अधिकारियों के बीच मतभेद की खबरें चर्चा में रहीं।

इतना ही नहींए निर्माण स्थल के पास एक निजी कॉलोनी के पानी निकासी का मामला भी तूल पकड़ चुका है जिस पर विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक को हस्तक्षेप करना पड़ा था।अब ताजा विवाद मिट्टी.मुरम के बिलों को लेकर हैए जो विभागीय अधिकारियों के लिए गले की फांस बन गए हैं। अंदर खाने यह भी चर्चा है कि ठेकेदार की पहुंच के चलते पीआईयू की महिला अधिकारी का प्रभार बदलकर सड़क विंग की अधिकारी को सौंप दिया गया है जिससे बिल पास कराने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

मामला यहीं नहीं थमा, सूत्रों की माने तो इस पूरे गड़बड़झाले की सूचना लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव तक पहुंच चुकी है।

इस पर पीआईयू की एसडीओ सीमा रजक ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया जबकि कार्यपालन यंत्री आरए विश्वकर्मा का कहना है कि माप पुस्तिका और बिलों का संधारण विभाग करता है और माप मौके के कार्य के अनुसार ही दर्ज होते हैं, ठेकेदार की मर्जी से नहीं। अब देखना दिलचस्प होगा कि मिट्टी के इस खेल में किसकी जमीन खिसकती है और किस पर कार्रवाई की गाज गिरती है।

# चाहे पंथ अनेक हों पर हम सब हिंदू एक हों : जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य

## रामकथा के अष्टम दिवस पर हुए विविध आयोजन, आज होगा समापन





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगद्गुरू, रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान स्थित अवधपुरी पंडाल में चल रही श्रीरामकथा के अष्टम दिवस श्रीरामचरित मानस की अति गूढ़ व्याख्या की। युद्धलीला के वर्णन में उन्होंने मातृशक्ति की महानता, हिंदू संस्कृति की उच्चता, भारत की उत्तुंगता को भी कथा के माध्यम से रेखांकित किया। समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में हो रही 'राम जनम जग मंगल हेतू' विषयक रामकथा में महाराजश्री ने जोर देकर कहा कि गोस्वामी तुलसीदास किसी ग्रंथ के अनुवादक नहीं हैं, रामचरित मानस उनका रिसर्च वर्क नहीं अपितु सर्च वर्क है। मानस की गहराई को समझाते हए उन्होंने कहा कि गोस्वामीजी को गुरु परंपरा से रामकथा प्राप्त हुई। मानसजी किसी का अनुकरण नहीं है, इसलिए ये जरूरी नहीं कि जो बाल्कीक कहें, वही गोस्वामीजी कहें। उन्होंने कहा कि शिवजी ने सीताजी के अनुग्रह से जो मानस प्रसाद पात्त किया, उसी मानस प्रसाद को रामजी के नाम में निरत मानकर अपने अंत:करण की पीड़ा को शांत करने के लिए तुलसी दास ने भाषावद्ध किया।

### छह कारणों से रामजी सबके प्रिय

महाराजश्री ने कहा कि ज्ञान शक्ति ऐश्वर्य तेज बल और वीर्य मतलब प्रभाव के कारण भगवान श्रीराम सबके प्रिय हैं, और सबको मंगल देते हैं। मंदाकिनी मैया की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि मानसजी में कहा गया है कि एक ऐसी नदी है हमारे भारत में, जिनका बखान बड़ी-बड़ी नदियां करतीं हैं। और, ये वाक्य मेरा नहीं तुलसीदासजी का है। सुरसरी सरसई विनकर कन्या-मेकल सुता गोदावरी धन्या..और सबसर सिंधु नदी नद नाना-मंदाकिनी कर करहिं बखाना चौपाई सुनाते हुए उन्होंने कहा कि गंगाजी-सरस्वती जी, यमुनाजी, नर्मदा जी और धन्य गोदावरी जी सहित अन्य सभी तालाब सागर सब, सभी नदियां अनेक नद मंदाकिनी जी की महिमा का बखान करते हैं।

इतना सौभाग्य है मंदाकिनी का। वहां निरंतर श्री सीतारामजी स्नान करते हैं। कथा पूर्व रामानंदाचार्य पीठ की प्राचीनतम पादुकाओं का पूजन हितानंद शर्मा,रत्नेश सोनकर आदि ने किया। पादुका पूजन के उपरांत आगंतुक अतिथियों संदीप विजन, आनंद जैन मट्टू भैया, जगदीश यादव, अनंत डिके, ने व्यासपीठ और महाराजश्री का माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया।

# गोलबाजार क्षेत्र से हटाए गए वर्षों से काबिज अतिक्रमण



## नगर निगम और पुलिस के संयुक्त अभियान में हुई कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर की धड़कन कहे जाने वाले गोलबाजार क्षेत्र में रविवार को प्रशासन का सख्त और सुधारात्मक चेहरा देखने को मिला। सुबह निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के औचक निरीक्षण के बाद, दोपहर होते-होते निगम, जिला और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। इस बड़ी कार्यवाही से सालों से जाम की समस्या झेल रहे राहगीरों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। कार्यवाही की शुरुआत सुबह तब हुई जब निगमायुक्त ने स्वयं गोलबाजार का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सड़कों और फुटपाथों पर अवैध कब्जों के कारण आम जनता का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए, जिसका असर दोपहर होते-होते धरातल पर नजर आने लगा।

### संयुक्त टीम ने हटाए दर्जनों अवैध कब्जे

नगर निगम की टीम, जिला प्रशासन के अधिकारियों और भारी पुलिस बल के साथ गोलबाजार पहुंची। इस संयुक्त कार्यवाही के दौरान सड़क घेरे हुए लगभग 50 से 60 अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। नालियों के ऊपर बने पक्के और कच्चे ढांचों को साफ किया गया। सड़क पर सामान फैलाकर व्यापार करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई।

# पत्रक पूजन के साथ शुरू हुई भगवान परशुराम जयंती की तैयारियां



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जयंती के भव्य शोभा यात्रा का ऐतिहासिक आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष महेश तिवारी ने बताया कि राधा कृष्ण कुटी रामसागर में नगर के वरिष्ठ पुरोहित शंकरलाल तिवारी ने वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से हवन आरती के साथ भगवान विष्णु के छठे अवतार ऋषि जमदग्नि के पुत्र परशुराम जयंती शोभायात्रा के पत्रक का पूजन किया गया।

ग्राम गोसलपुर में परशुराम जयंती के अवसर पर विगत अनेक वर्षों से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी में आगामी 19 अप्रैल दिन रविवार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि को राम सागर तालाब के पास राधा कृष्णन कुटी से समस्त ब्राह्मण बंधु एकत्रित होकर हाथ में फरसा,भगवान ध्वज और भगवान परशुराम की जयकारों के साथ जन सैलाब नगर भ्रमण के लिए रवाना होंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश तिवारी, एनके शुक्ला, राम निरंजन दुबे, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित तिवारी, रमेश चंद्र शुक्ला, रमन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# बोलेरो में ले जाई जा रही थी बियर से भरी पेटियां

## गढ़ा थाने का मामला, 2 तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस ने अवैध शराब तस्कर के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक सफेद रंग की बोलेरो से भारी मात्रा में बियर जब्त की पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को रंगे हाथ दबोचा है, जो त्रिपुरी क्षेत्र से शराब की खेप लेकर देवताल की ओर जा रहे थे। थाना प्रभारी गढ़ा प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक एमपी-13 पासिंग बोलेरो वाहन में शराब लोड कर तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने देवताल रामायण मंदिर के पास मोर्चा संभाला। कुछ ही देर में संदिग्ध बोलेरो क्रमांक एम पी 13 जेडवी 0368 वहां से गुजरती दिखी, जिसे घेराबंदी कर रोक लिया गया। वाहन की तलाशी लेने पर पिछली सीट से 6 पेटी 72 बोतल बीयर बरामद हुई, जिसकी कुल कीमत लगभग 46 हजार रूपये है। वाहन में अमन सोनी अर्जुन सोनी को गिरफ्तार किया गया है। शराब दुकान से प्राप्त की थी। पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है।

# सलाहकार समिति की मासिक बैठक सम्पन्न



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि अनिल शुक्ला, गुरमुख दास, मृगेन्द्र नारायण सिंह के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत ने पिछली बैठक के बिंदुओं की समीक्षा कर की गई कार्यवाही की से अवगत कराया, जिसे सभी ने सराहा। वही सलाहकार प्रतिनिधि एम एन सिंह,गुरमुख दास, अनिल शुक्ला ने डिस्प्ले बोर्ड के सुचारू रूप से संचालन न होने की बात कहीं,वही गर्मी को देखते हुए वाटर कूलर, एयर कूलर, पंखों की बेहतर साफ सफाई का सुझाव दिया इस पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी रावत ने बताया कि इन उपकरणों की साफ सफाई करा दी है जो सुचारू रूप से काम कर रहे है डॉ रावण ने ये भी कहा कि भीषण गर्मी का सीजन है इससे बुजुर्गों को विशेष रूप से अपना बचाव करना होगा।अनिल शुक्ला ने बताया कि इस बैठक में डॉ आर पी रावत, डॉ एलिस सराफ, डॉ राजीव यादव, डॉ एस के राय आदि उपस्थित रहे।

# ठेकेदार की धीमी चाल से गहराया जल संकट



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली कछपुरा ग्राम पंचायत के घोराकोनी गावँ में समय सीमा गुजरने के बाद ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया । जहां एक ओर पाइपलाइन बिछाने के लिए पूरी गांव की सड़कों को तहस-नहस कर दिया गया। वहीं ठेकेदार के द्वारा अत्यंत धीमी गति से पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। लोगों को पानी की आवश्यकता है पर ठेकेदार द्वारा पुरानी पाइपलाइन बंद कर नई पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। एक तरफ ठेकेदार के द्वारा एक दिन काम करके एक सप्ताह काम को बंद कर दिया जाता है वहीँ दूसरी तरफ पूरे गांव के लोग खुदी पडी गलियों से निकलने मजबूर है। इस संबंध में ग्राम के जागेश्वर बर्मन, रजनी, नन्ही बाई, संटो, अभिलाषा ,शौभा ,प्रियंका ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस और ध्यान देने की मांग की है।

# किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दमखम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बलदेवबाग स्थित स्मॉल वंडर्स शाला में भव्य जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के नियमानुसार आयोजित की गई, जिसमें एसोसिएशन से संबंधित स्कूलों और अकादमियों के खिलाडियों ने भाग लिया । कार्यक्रम में राम किशोर सोनी (सचिव), ज्योत्सना सिंह ठाकुर (अध्यक्ष), लक्ष्मी सोनी (उपाध्यक्ष), अमर कदम (कार्यकारी सदस्य) की




भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र कुमावत ने की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मयंक दुबे मुख्य वाणिज्य निरीक्षक पश्चिम मध्य रेल्वे एवं विशिष्ट अतिथि नीलम दुबे रहीं। नरेंद्र सोनकर (मुख्य निर्णायक) रीता राजानी नीलम रैकवार, सत्यम उरमलिया(रैफरी) योगिता सोनी, रितु रजक निर्णायक भूमिका में रहीं। निशिता दुबे, कपीश धनराज साव, त्रिजल साव ,गौरी शुक्ला, विवेक बर्मन आदि विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। मेहुल, अनु राज, उत्कर्ष जैन, इशान गुप्ता आदि स्पेशल चाइल्ड ने भी सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम में योगाचार्य अंकित चक्रवर्ती कायोगदान रहा।



# हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर वक्त मोमिन ईदगाह प्रबंध कमेटी गोहलपुर द्वारा एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर 12 अप्रैल बरोज इतवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित किया गया। इस शिविर में हज वा उमराह के तरीकात उसके फजाईल वा मसाईल सफर एक हज की तैयारी और ज्यारते मरीना शरीफ के आदाब आदि विषयो पर प्रशिक्षण दिया गया। तमाम हज ए बेतुल्लाह पर जाने वाले हाजियों से अराकीन वक्त मोमिन ईदगाह प्रबंधन कमेटी गोहलपुर जबलपुर ने गुजारिश की है कि इस शिविर में हाजी खुर्शीद अनवर साहब उमरा की जियारत करने के तरीके बयान किए पाक की ज्यारत के अदाब अजीजुर्रहमान साहब ने बताया हज का तरीका अलहाज माजिद रहमानी साहब ने बताया। इस अवसर पर रासिद अली, सरफराज अंसारी, महफूज अंसारी, सईद भोलू इसरार आदि उपस्थित रहे।

# पंजाबी हिन्दू एसोसियेशन का राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन हुआ सम्पन्न



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पंजाबी हिन्दू एसोसियेशन द्वारा 33वां राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन एवं वैशाखी महोत्सव का आयोजन समाज के सैकडों परिवार के बीच धूमधाम से किया गया। जीवन साथी के तलाश में मेजबान जबलपुर संभाग सहित नागपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रायपुर, झांसी, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित अनेक प्रदेशों एवं जिलों से युवक-युवती एवं उनके परिजन परिचय सम्मेलन में पहुंचे। युवक युवतीयों ने भावी जीवनसाथी की तलाश में शिक्षा ,संस्कार और अच्छे परिवार जैसी बातों को प्राथमिकता दी तो परिजन सुबह से शाम तक आपसी मेलजोल और पंडितजी के साथ कम्प्यूटर में कुंडली मिलाने बैठे नज़र आये । मंच से युवक-युवतियों के वायोडाटा दिखाए गए। परिवारजन बड़ी डिस्पले स्क्रीनों में दिखाई जा रही फोटो को ध्यान से देखने में लगे रहे। अगले साल होने वाले 34वां राष्ट्रीय पंजावी युवक युवती परिचय सम्मेलन में सैकड़ों युवक अपना रजिस्ट्रेशन करवाते दिखे, सम्मेलन के दूसरे दिन पंजाबी हिंदू एसोसियेशन द्वारा भांगडे की ताल पर वैशाखी महोत्सव 2026 का आयोजन संस्था प्रांगण में किया गया। जिसमें पंजाबी समाज के साथ शहर के विख्यात कलाकारों ने मंच में गिद्दा, भंगड़ा , बहुरंगी लोक संस्कृति और लोक गीतों की छटा बिखेरी। पंजाबी बैशाखी महोत्सव पर ढोल की ताक पर सिर पर तुर्रादार साफा ,सुर्ख पटका और खुली बाजू कुर्ते पर रेशमी रूमाल के साथ पंजाबी नृत्य और स्त्रियों का प्रसिद्ध गिद्दा प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर नरेन्द्र पाल मलिक, उमेश शर्मा, सुशील आनंद, उमेश खुराना , आर.के. कपूर, नरेन्द्र धमीजा, डॉ राजीव ओबेराय, राकेश वर्मा, संजय अरोरा, सुधीर मेहता, उषा खुराना, अंशुल मलिक, दीपक वर्मा, भारत कपूर, आशीष खुराना, नीरज ब्योत्रा सहित सदस्य उपस्थित थे।

### कैनाल में उतराता मिला वृद्ध का शव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाने में 25 वर्षीय प्रदीप डेहरिया ने सूचना दी कि वह सुबह धनमहल रिर्सोट के सामने कैनाल के नर्वा मे नहाने गया था, जहॉ एक 60 वर्षीय अज्ञात पुरूष का शव पानी में उतराता दिखा। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है ।

# यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र फुटबॉल संघ के तत्वधान में ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड में खेली जा रही अंदर 15 यूथ लीग फुटबाल बॉयज प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए। पहला मैच लाइंस फुटबॉल क्लब जबलपुर और नर्मदा वैली मंडला के बीच खेला गया। खेल की शुरुआत में लायंस क्लब जबलपुर ने पहला गोल किया पर कुछ ही मिनटों में मंडला ने गोल कर स्कोर 1 - 1 से मैच बराबर कर दिया। मंडला ने दूसरा गोल करते हुए बढ़त बनाई पर इस बार लायंस ने गोल कर स्कोर 2 - 2 से बराबर कर दिया। मध्यांतर तक दोनो टीम बराबर रही। मध्यांतर के बाद मंडला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार गोल दाग दिए और स्कोर 6 -2 करते हुए विजय हासिल की। दूसरा मैच सांची वॉरियर्स रायसेन और स्टीम फील्ड जबलपुर के बीच खेला गया मैच में पहला गोल स्टीम फील्ड ने किया सांची वॉरियर्स बराबर करने का प्रयास करती रही पर सफलता नहीं मिली, स्टीम फील्ड ने दूसरा गोल करते हुए मध्यांतर तक बढ़त बना ली दूसरे पारी के खेल में स्टीम फील्ड जबलपुर ने तीसरा गोल करते हुए अंत में 3- 0 से विजेता बन गयी।

# प्रकृति का एहसास करा रही जैविक सब्जियां उत्पाद खरीदने उमड़ रही खरीददारों की भीड़

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कृषि उपज मंडी में प्रत्येक रविवार को लगाये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट में इस रविवार को भी नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दिखाई दी। जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस हाट में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। जैविक हाट में उपभोक्ताओं द्वारा रसायन मुक्त एवं ताजे कृषि उत्पादों की खरीदारी में विशेष दिलचस्पी दिखाई जा रही हैए जिससे किसानों को सीधे बाजार उपलब्ध हो रहा है और उनकी आय में वृद्धि के अवसर भी बढ़ रहे हैं। जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 31 कृषकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। हाट में हरी सब्जियां, फल, अनाज, दलहन, मोटे अनाज मिलेट्स, देशी घी, दुग्ध उत्पाद सहित विभिन्न रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध रहे। गन्ने का ताजा रस, कच्ची घानी से तैयार सरसों, मूंगफली एवं अलसी का



तेल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

**भिलावा, महुआ ने आर्कषित किया ध्यान**-कुंडम क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी के भिलावा एवं महुआ आधारित उत्पादों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और इन्हें काफी पसंद किया गया। जैविक हाट में उपभोक्ताओं ने किसानों से सीधे संवाद भी किया और उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादन पद्धति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। नागरिकों ने बताया कि किसानों से सीधे खरीदारी करने से उत्पादों की शुद्धता के प्रति विश्वास बढ़ता है तथा ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होते हैं।

कई उपभोक्ताओं ने नियमित रूप से जैविक हाट से खरीदारी करने की बात भी कही। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने जैविक हाट का निरीक्षण कर किसानों एवं उपभोक्ताओं से चर्चा की। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा मनीषा पटेल के नेतृत्व में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी वृषभान अहिरवार, अदिति सिंह, प्राची बर्मन, साक्षी तिवारी, सुमित पाटकर, काजल पांडे, साहब लाल पटेल एवं साक्षी ओझा ने जैविक हाट के सफल संचालन की जिम्मेदारी निभाई गई।

# प्रशांति की मौत का खुलासा पति और सास-ससुर गए जेल





## मासूम बच्ची का मौसी करेंगी लालन-पालन, पुलिस की जांच जारी

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

दहेज लोभ की क्रूरता ने एक और नवविवाहिता प्रशांति उर्फ मोनिका पति ललित राणा उम्र 26 वर्ष क़रीब, नवेगांव निवासी की जिंदगी छीन ली। इस हृदयविदारक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर पति ललित, सास सुशिला और ससुर सहसराम राणा को गिरफ्तार कर लिया है। कंट्रोल रूम में रविवार की दोपहर 3 बजे प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया है। वहीं अब एक साल की मासूम बेटी को मृतिका की बहन (मौसी) के सुपुर्द किया गया है जो लालन पालन करेंगी। पुलिस के अनुसार, जिला अस्पताल बालाघाट से नवविवाहिता की संदिग्ध मौत की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने जमकम हंगामा किया और हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया था। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया द्वारा अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की गई, वहीं डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। प्रारंभिक जांच में फांसी लगाकर मौत की पुष्टि हुई, लेकिन हालात ने इस मौत को संदिग्ध बना दिया। इसके बाद पुलिस और एफएसएल टीम ने नवेगांव स्थित ससुराल पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर त्वरित जांच शुरू की गई।

***दहेज ने ली जान***– पुलिस के जांच में सामने आया कि 20 मई 2023 में मृतिका प्रशांति का विवाह नवेगांव निवासी ललित राणा से सामाजिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ था। ललित राणा की घर पर ही किराना की दुकान है। विवाह में पर्याप्त दहेज दिए जाने के बावजूद पति, सास और ससुर द्वारा 5 लाख के बावजूद लगातार अतिरिक्त पैसों की मांग की जाती रही। मृतिका को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मायके पक्ष ने बताया कि कई बार पैसे देने के बाद भी आरोपियों द्वारा चार पहिया वाहन खरीदने के लिए रकम लाने का दबाव बनाया जाता रहा, जिससे वह बेहद परेशान थी।

***सास के साथ हुआ विवाद और दे दी जान***– पुलिस ने बताया कि घटना वाले दिन 10 अप्रैल की सुबह मृतिका प्रशांति और सास सुशीला के बीच घर में साफ़ सफाई को लेकर विवाद हो गया था, सास ने मृतिका के साथ मारपीट कर दी। जिसके व्यतित होकर मृतिका ने अपने बेडरूम में दुपट्टा से फांसी सीलिंग फेन से लगा ली। फिर सास ने देखते ही पुत्र और पति को बुलवाई, फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पति ने तत्काल ही जिला अस्पताल लेकर पहुंचा था, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं 11 अप्रैल को मृतिका प्रशांति की आई वीडियो को लेकर पुलिस ने कहा कि जांच जारी हैं। फ़िलिहाल, नवविवाहिता की मौत का राज सस्पेंस बना हुआ है। महिला ने आत्महत्या की हैं या फिर हत्या के पीछे कोई साजिश है, पुलिस जांच उपरांत ही खुलासा में कहा जा सकता हैं।

***बच्ची के सिर से उठा मां का साया***– इस पूरी त्रासदी का सबसे मार्मिक पहलू प्रशांति की एक साल की मासूम बेटी है। जिस उम्र में उसे मां के आंचल की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस उम्र में सिर से मां का साया उठ गया और पिता सलाखों के पीछे है। फिलहाल, मानवीय संवेदनाओं को देखते हुए मासूम को उसकी मौसी (मृतका की बहन) के सुपुर्द किया गया है, जो अब उसका पालन-पोषण करेंगी।

***दहेज के लोभी पहुंचे जेल***– पुलिस ने प्रथम दृष्टया पूरे मामले में ठोस साक्ष्यों के आधार पर दहेज के लोभी आरोपी पति ललित राणा, सास सुशीला राणा और ससुर सहसराम राणा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 85, 3(5) एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीनों ही आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अभिरक्षा में जेल भेज दिया जायेगा। फिलहाल, पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी हैं। अब भी कहा नहीं जा सकता कि प्रशांति ने आत्महत्या की थीं या उसकी हत्या की गई है, जो रहस्य बनी हुई है। पुलिस जांच के बाद ही खुलासा होंगा।



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत दाम्पत्य बंधन में आबद्ध हुये 100 जोड़े

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को नमन करते हुए 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती के अवसर पर नगरपालिका परिषद बालाघाट एवं मरारमाली महासभा के संयुक्त तत्वावधान में नगर के तुरकर भवन में 100 नवयुगल का मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत संपन्न हुआ। मरार माली भवन से दूल्हों के साथ बारात निकाली गई और नाचते-थिरकते हुए विवाह स्थल पर पहुंचकर यहां रीति-रिवाज के अनुरूप धार्मिक परंपराओं के अनुसार सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। योजना के तहत 49 हजार रूपये के डमी चेक भी दिये गये।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का प्रारंभ महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया जिसके उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत हुआ। मंडप के हवनकुण्ड में अग्नि प्रज्वलित की गई और पुरोहितों के द्वारा वैवाहिक मंत्रोच्चार किया गया। जहां हिंदू धार्मिक परंपरा के तहत जोड़ों के द्वारा अग्नि के सात फेरे लेकर जीवनसाथी की रक्षा एवं साथ निभाने का वचन देते हुए मांग में सिंदूर भरकर अर्धांगिनी स्वीकार किया। उपस्थित घराती और बारातियों के द्वारा पुष्पवर्षा कर सुखद वैवाहिक जीवन की कामना कर आशीर्वाद दिया गया। इसके पूर्व मरार माली भवन से दोप. 2 बजे के दौरान सभी वर के साथ डीजे-धुमाल की धुन पर थिरकते हुए बाराती विवाह स्थल पर पहुंचे जहां पर मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों का उद्बोधन हुआ। इस आयोजन में 85 जोड़े हिंदू धर्म तथा 5 जोड़े बौद्ध समाज एवं 10 जोड़े आदिवासी समाज पात्रता के अनुरूप सम्मिलित किये गये थे।

***महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है शासन की योजना-नपाध्यक्ष भारती ठाकुर***– आयोजन की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने प्रस्तावना रखी जिसमें उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना का परिणाम है कि सुखद क्षण देखने को मिल रहे है। केन्द्र और प्रदेश की सरकार चिंतन रहता है कि महिलाओं को सशक्त कैसे बनाया जाये इसमें नये आयाम स्थापित किये जा रहे है। विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या योजना लोकप्रिय होने के साथ ही सशक्तिकरण का उदाहरण है।

***आर्थिक और सामाजिक विकास के लक्ष्य को पूरा कर रही सरकार-मौसम दीदी***

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम दीदी ने कहा कि गरीब के जीवनस्तर को कैसे सुधारा जाये, महिलाओं को आत्मबल कैसे मिले इसलिए अनगिनत योजनाओं का संचालन हमारी सरकार कर रही है, बेटियों के पिता को वैवाहिक चिंता से मुक्त किया गया है। समय-समय पर शहरी एवं तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आयोजन होते है और असंख्य जोड़े अपने जीवन के नये सफर की शुरूआत करते हुए शासन को धन्यवाद देते है।

***सकारात्मक संदेश देता है सामूहिक विवाह आयोजन-रामकिशोर कावरे***– भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मरार माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने अपने संबोधन में सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक विवाह समारोह नहीं है, बल्कि समाज में समानता, सहयोग और एकता का प्रतीक है। पहले गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में कई कठिनाइयाँ आती थी, कई बार संसाधनों के अभाव में विवाह रुक जाते थे। ऐसे समय में इस योजना ने उन परिवारों को सहारा देने का काम किया है।

## 37 वर्षीय युवक का कुएं में मिला शव

कटंगी(स्वतंत्र मत)

करीब 20 दिनों से मानसिक रुप से अस्वस्थ्य चल रहे एक 37 वर्षीय युवक का शव घर से दूर खेत में कुएं से बरामद किया गया है। प्रथम दृष्ठया मामला आत्महत्या से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं को जोड़कर जांच कर रही है। घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम टेकाड़ी (भ.) की है। मृतक की पहचान राजेन्द्र पिता टेकसिंह उइके उम्र 37 वर्ष निवासी टेकाड़ी है। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि राजेन्द्र का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह करीब 20 दिनों से परेशान था। रात्रि के वक्त नींद से जागकर कुछ भी बड़बड़ाने लगता था। जिसका चिकित्सकीय उपचार जारी था। शनिवार की शाम से वह अचानक लापता हो गया था। उसकी तलाश की जा रही थी। रात्रि करीब 09 बजे छोटेलाल गौतम के खेत की कुएं में शव देखा गया। वहीं पुलिस को सूचना दी गई। रविवार की सुबह 10 बजे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव बरामद कर पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद मर्ग कायम पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

# कीटनाशक का सेवन करने से महिला की मौत

## मृतक महिला के परिजनों का आरोप पति ने खिलाया जहर

कटंगी(स्वतंत्र मत)

कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरलांजी की 30 वर्षीय विवाहित महिला की कीटनाशक का सेवन करने की वजह से मौत हो गई। मृतक महिला करिश्मा भगत दो मासूम बच्चों की मां है। मायके पक्ष के परिजनों ने आरोप है कि करिश्मा के पति संजय ने मारपीट करने के बाद पत्नी को कीटनाशक खिलाया। जिससे उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद सरकारी अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मचारियों पर भी उपचार के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी अनुसार खैरलांजी निवासी संजय भगत के साथ 27 मई 2016 को करिश्मा का सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ था। करिश्मा के बड़े भाई पंकज कटरे के मुताबिक विवाह के बाद से ही संजय शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता और दहेज के लिए प्रताड़ित करता था परंतु सामाजिक बदनामी की डर की वजह से परिजनों ने कभी थाने में शिकायत नहीं की और ना ही समाज के समक्ष इस पूरे मामले को रखा। उन्होंने बताया कि संजय भगत शराब पीने का आदि था घर और सामाजिक कार्यक्रम में वह अकसर शराब पीकर उपद्रव किया करता था। पंकज ने बताया कि शाम 06 बजे दूरभाष पर बहन की मौत होने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से लेकर बहन के शव का पीएम होने तक जवाई संजय भगत गायब रहा।

हीरापुर निवासी करिश्मा की छोटी बहन रेशमा पटले ने बताया कि शनिवार की शाम 06 बजे उन्हें बहन की कीटनाशक का सेवन करने से मौत होने की जानकारी का पता चला। वह बताती कि उनके जीजा अकसर बहन के साथ शराब पीकर मारपीट करते थे। 2 दिन पहले ही उनके जीजा ग्राम पांडरवानी आए थे जहां उन्होंने बहन को जान से मारने की धमकी दी थी। रेशमा पटले ने बताया जीजा अकसर पैसों की मांग करते थे पैसा नहीं देने पर घर का सामान तोड़ते और मारपीट करते। ग्रामीण महेन्द्र ठाकरे बताते है जब करिश्मा को शनिवार की शाम करीब 04 बजे अस्पताल लाया गया तब वह बातचीत कर रही थी। अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उपचार में लापरवाही बरती। उन्होंने सही उपचार नहीं किया जिस कारण करिश्मा की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। रविवार की सुबह साढ़े 11 बजे शव का पीएम कर शव मायके पक्ष के परिजनों को सौंप दिया गया। ग्राम खैरलांजी में ही महिला का अंतिम संस्कार किया है। हालांकि करिश्मा की मौत के बाद से फरार पति संजय भगत पीएम के दौरान मौजूद नहीं था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

# उमरिया में अंबेडकर जयंती पर भाजपा का व्यापक आयोजन

## सभी 14 मंडलों से लेकर बूथ स्तर तक होंगे कार्यक्रम: आशुतोष अग्रवाल

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर एवं संगठनात्मक निर्देशों के अनुरूप उमरिया जिले में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को व्यापक स्तर पर मनाए जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि जिले के सभी 14 मंडलों में 13



अप्रैल से 20 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जो समाज के हर वर्ग तक बाबा साहेब के विचारों को पहुंचाने का कार्य करेगी।जिलाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती को केवल एक औपचारिक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता एवं समरसता के महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से पार्टी संगठन द्वारा मंडल स्तर के साथ-साथ बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि हर गांव, हर वार्ड और हर बूथ तक संविधान निर्माता के विचारों की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि 13 अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों एवं मंडलों में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा दीप प्रज्वलन कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी इस दौरान कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की भावना के साथ समाज में स्वच्छता एवं जागरूकता का संदेश देंगे उन्होंने आगे बताया कि सभी मंडलों में कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, विचार गोष्ठी एवं जनसंवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करेंगे। इन आयोजनों में युवाओं,महिलाओं एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे समाज में समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़े। जिला मुख्यालय उमरिया में 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे स्थानीय अंबेडकर चौक, स्टेशन रोड पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं विचार अभिव्यक्ति कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## पेड़ के नीचे लगी किसानों की पाठशाला, लाभकारी खेती के लिए बढ़ाई जा रही है जागरूकता

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में किसानों को खेती को लाभ का धंधा बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में ग्राम हथपुरा में पेड़ के नीचे किसानों की पाठशाला लगाई गई। उपसंचालक कृषि विभाग संग्राम सिंह मरावी ने दल-बल के साथ गांव पहुंचकर किसानों के बीच बैठक कर उन्हें आधुनिक खेती के तरीकों और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग की जानकारी दी। इस दौरान किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ-साथ जंगलों और प्राकृतिक संपदा से मिलने



वाले फल, पत्तियां और अन्य उत्पादों को एकत्रित कर उनका उचित विक्रय कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के बारे मे बताया गया। अधिकारियों ने किसानों को आय बढ़ाने के वैकल्पिक साधनों के बारे में भी विस्तार से समझाया। पाठशाला मे किसानों ने अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनका कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा गंभीरता से निराकरण किया गया। किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और बाजार से जुड़ने के तरीकों पर भी मार्गदर्शन दिया गया इसके साथ ही उपसंचालक कृषि विभाग ने किसानों से अपील की कि गेहूं की कटाई के बाद खेतों में पराली न जलाएं पराली को खाद के रूप में उपयोग करने के तरीके भी बताए गए, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जा सके और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल सके। इस अवसर पर कृषि विभाग के कर्मचारी एवं भारी संख्या में महिला व पुरुष किसान उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल में लगी आग, ग्रामीणों और फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले की चंदिया तहसील के मझगंवा गांव में गेहूं के खेत में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया और कई किसानों की तैयार खड़ी 2 एकड़ की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, काफी नुकसान हो चुका था। इस हादसे में किसान



सोनेलाल, दादुराम, कल्ली बाई, भीम्मा और धोरी लाल की गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। गांव के रहने वाले विजय ने बताया कि खेत के पास से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर जमीन पर पड़ा था। माना जा रहा है कि इसी तार से निकली चिंगारी की वजह से फसल में आग लगी। ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए सीधे तौर पर बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, जब तक आग बुझती, तब तक बड़े इलाके की फसल जल चुकी थी।अपनी मेहनत की कमाई आंखों के सामने जलता देख किसानों में गहरा दुख और गुस्सा है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि बिजली कंपनी की लापरवाही की जांच की जाए और उन्हें हुए भारी नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।

# मधुमक्खियों के हमले से किसान की मौत

उमरिया (स्वतंत्रमत)

इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनपथा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां खेत पर गेहूं की कटाई करने गए एक वृद्ध किसान की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई। घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गोविंद जायसवाल पिता चुनई जायसवाल उम्र 65 वर्ष,अपने घर से कुछ दूरी पर मौजूद सोसायटी के करीब खेत में काम करने गए थे। खेत के पास एक बरगद के पेड़ पर मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता लगा



हुआ था।अचानक छत्ते से निकली मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं और उन्होंने गोविंद पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,मधुमक्खियों ने वृद्ध के शरीर पर झुंड बनाकर हमला किया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। हमले के दौरान गोविंद काफी देर तक मदद के लिए चिल्लाते रहे,लेकिन सुनसान जगह होने के कारण समय पर कोई सहायता नहीं पहुंच सकी। अत्यधिक डंक लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना बाद में उनके घर जो हाईस्कूल के पास स्थित है,पहुंची। खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# नवागत कलेक्टर ने मां नर्मदा की आरती कर दुग्ध अभिषेक किया ट्रस्ट ने किया सम्मान, निवर्तमान कलेक्टर को दी गई भव्य विदाई

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नर्मदापुरम स्थानांतरण की सूचना के बाद नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यहां पर माहिष्मती घाट भावुक पलों का साक्षी बना और उन्हें विदाई सम्मान के साथ दी गई। माहिष्मती घाट पर आयोजित इस समारोह में ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उन्हें मां नर्मदा की प्रतिमा भेंट की गई। वहीं आतिशबाजी कर इस अवसर को और भी यादगार बनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल प्रशासनिक दृष्टि से बल्कि आस्था और संस्कृति के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। विशेष रूप से माहिष्मती घाट के कायाकल्प को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा की भूमिका को सभी ने सराहा। उनके प्रयासों से घाट की तस्वीर बदली और यह स्थल अब और अधिक आकर्षक व सुव्यवस्थित बन चुका है जो जिलेवासियों के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान एसडीएम सोनम सिडाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानंन नाफड़े, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, आजीवन सदस्य मनोज फागवानी, आजीवन सदस्य रितेश अग्रवाल, आजीवन सदस्य प्रसन्न सराफ, आजीवन सदस्य संजय तिवारी, आजीवन सदस्य नीरज अग्रवाल, एसडीएम घुघरी सचिन जैन, तहसीलदार हिमांशु भलावी, तहसीलदार बम्हनी वृत हीरालाल तिवारी, नायब तहसीलदार रामसिंह उलाडी, समाजसेवी सुधीर कांसकार, किशोर रजक, मनोज तिवारी ने पुष्पमाला से स्वागत करते हुए उनके द्वारा मंडला के विकास में किए गए कार्यो की सराहना की। वहीं बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन मौजूद रहे।







### नवागत कलेक्टर ने की महाआरती

जिले का पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट द्वारा माहिष्मति घाट पर आयोजित पंच चौकी महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने मां नर्मदा की आरती और दुग्ध अभिषेक कर जिले वासियों की मंगल कामना प्रार्थना की। महाआरती के पश्चात ट्रस्ट की ओर से निवर्तमान कलेक्टर सोमेश मिश्रा को गरिमामयी विदाई भी दी गई। ट्रस्ट की पदेन अध्यक्ष एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने इस दौरान नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट की स्थापना, माहिष्मती घाट नामकरण और पंच चौकी महाआरती की शुरुआत के लिए निवर्तमान कलेक्टर श्री मिश्रा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से आत्मीय चर्चा करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि माँ नर्मदा की यह महाआरती ट्रस्ट द्वारा जिले के सामाजिक संगठनों के सहयोग से हमेशा इसी तरह चलती रहेगी। उन्होंने मां नर्मदा से जिले वासियों के कल्याण कामना की।

### गरिमामयी विदाई का आयोजन

शनिवार की शाम शहर के एक निजी मोटेल के बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को नर्मदापुरम स्थानांतरण पर गरिमामयी विदाई दी गई। इसी कार्यक्रम में नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे का आत्मीय स्वागत भी किया गया। यह विदाई-सम्मान समारोह जिले के समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस, राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निवर्तमान कलेक्टर सोमेश मिश्रा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में विकास कार्यों को गति मिली और प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी।

### नागरिको से मिली आत्मीयता

अपने संबोधन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंडला में मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि मंडला की जनता और यहां के साथियों से उन्हें हमेशा आत्मीयता मिली। कार्यक्रम में नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे का पुष्पगुच्छ भेंट कर पुलिस अधीक्षक सकलेचा ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री धोटे ने कहा कि उन्होंने अपना प्रोवेशन रतलाम जिले में सोमेश मिश्रा सर के मार्गदर्शन में ही पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि वह विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाएंगे तथा टीम भावना से काम करेंगे। समारोह का संचालन करते हुए अधिकारियों ने दोनों प्रशासनिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### जिला अस्पताल पहुंचे नवागत कलेक्टर

नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे पदभार ग्रहण करने के दिन ही जिला चिकित्सालय पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले मोहगांव क्षेत्र के ग्राम रमखिरिया के छपराटोला की आंगनबाड़ी केंद्र के विषैला पदार्थ खा लेने से बीमार हुए बच्चों और उनके परिजनों से मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वार्ड में उपस्थित शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि भर्ती किये गए सभी बच्चों की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। कलेक्टर ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि बच्चों के पूरी तरह स्वस्थ होने तक विशेष देखभाल करें। कलेक्टर श्री धोटे ने इसके बाद बाल गहन चिकित्सा इकाई, शिशु वार्ड, ऑर्थो वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, हेल्प डेस्क, दवा वितरण केंद्र, मेटरनिटी वार्ड, ओपीडी और एनआरसी का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस दौरान सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ से हॉस्पिटल में चिकित्सकों की संख्या, ड्यूटी रोस्टर, दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य जानकारी ली। साथ ही जिन दवाओं की आवश्यकता है और उनका स्टॉक खत्म अथवा कम हैं उनकी डिमांड प्रेषित करने के निर्देश दिये।

### पार्किंग में करें शर्तों का पालन

कलेक्टर श्री धोटे ने चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान परिसर की पार्किंग का जायजा लिया। यहां उन्होंने पार्किंग शुल्क वसूल रहे कर्मियों से पार्किंग नियमों और पर्ची की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में निविदा की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया जाए। पार्किंग कर्मचारियों द्वारा दी जा रही जानकारी और पर्चियों में भिन्नता को लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि शर्तों का पालन करें निर्धारित समयावधि के लिए तय शुल्क ही वसूल किया जाए।



## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर प्रतिमा का भूमिपूजन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** ज्वाला जी वार्ड में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना को लेकर रविवार को भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। लंबे समय से धनगर समाज द्वारा की जा रही मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है जिससे समाज में उत्साह का माहौल देखा गया धनगर समाज के लोगों ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर गौरव और आस्था की प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा स्थापना के लिए धनगर युवा सेना लगातार प्रयासरत थी समाज की इस मांग को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उइके के सहयोग से यह पहल साकार हो सकी भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने विधि-विधान से पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिभा अनिल साहू, शानू दुबे और मुकेश नंदा भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में धनगर समाज के अध्यक्ष शैल कुमार धनगर, उपाध्यक्ष पुन्नू लाल धनगर, सचिव भजन लाल धनगर, राधेलाल धनगर, नोखे लाल धनगर, ज्ञान धनगर, प्रमोद धनगर, धनगर युवा सेना जिला अध्यक्ष नंद कुमार धनगर, मोनू धनगर, तुलसी धनगर, अहिल्याबाई नारी उत्थान समिति की मालती धनगर, अनसूइया पाली, सुनीता धनगर और शिल्पा धनगर समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई।

## ट्रैवलर वाहन पलटा, 5 गंभीर

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मंडला जिले में नेशनल हाईवे-30 पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। बाबा देवरी के पास एक ट्रैवलर वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैवलर में लगभग 15 लोग सवार थे जो मलाजखंड से जबलपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाबा देवरी के पास वाहन चालक का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया जिससे वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अन्य यात्रियों को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# किसान मेला में महिला किसानों की सहभागिता

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** रायसेन जिले में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला उन्नत कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विकासखंड नारायणगंज और निवास की महिला किसानों ने अपनी तकनीकी कुशलता और नवाचार से देश भर के विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कृषक कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए निवास एवं नारायणगंज विकासखंड की महिला किसानों ने प्रदान संस्था के सहयोग से तैयार बायोचार इकाई, जैविक खाद और दीदी बाड़ी मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। महिला किसानों ने साझा किया कि कैसे बायोचार तकनीक मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में सहायक सिद्ध हो रही है। प्रदान संस्था के अनुरुद्ध कुमार शास्त्री ने बताया



कि महिला किसान अब केवल खेती तक सीमित नहीं हैं बल्कि वे नवाचारों का नेतृत्व कर आत्मनिर्भर बन रही हैं महिला किसान सेवकली ने बताया कि नई तकनीकों को अपनाकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और खेती मजबूत हुई है। यह सम्मेलन मल्टीनेशनल कंपनियों, स्टार्टअप्स और कृषि विशेषज्ञों के लिए एक साझा मंच बनकर उभरा मंडला की इन महिला किसानों को यहां आधुनिक कृषि उपकरणों और यंत्रों के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

## राहगीरों को मिलेगा पेयजल

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** विकासखंड नैनपुर अंतर्गत ग्राम रैवाड़ा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों और यात्रियों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय से जल संरक्षण एवं पानी के सदुपयोग की अपील की गई साथ ही प्यासे पशु-पक्षियों और जरूरतमंद लोगों को जल उपलब्ध कराने का संदेश भी दिया गया।

# स्कॉर्पियो का कहर : एक युवक की मौत, दो घायल

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

शहर के बस स्टैंड के पीछे स्थित चांदनी पान सेंटर के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल की रात लगभग 10:55 बजे जवाहर वार्ड निवासी 35 वर्षीय राहुल कछवाहा अपनी स्कूटी से चांदनी पान सेंटर पर पान लेने पहुंचे थे उसी दौरान बस स्टैंड की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चल रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक टीएस 07 यूएफ 2174 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी



कि राहुल कछवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए इस हादसे में मौके पर मौजूद अन्य लोग भी इसकी चपेट में आ गए राधाकृष्णन वार्ड निवासी 40 वर्षीय आसिफ हुसैन को भी गंभीर चोटें आई हैं जबकि 22 वर्षीय प्रियंक नीखर की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में राहुल कछवाहा की स्कूटी जुपिटर सहित आसपास खड़ी अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं घटना की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली मंडला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक नीरज मिश्रा मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है राहुल कछवाहा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ धारा 281,125ए बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाहन चालक की पहचान अभिषेक मरावी निवासी नारायणगंज के रूप में हुई है जबकि वाहन की मालकिन सुषमा परते बताई जा रही हैं।

## दौड़ते ट्राले में लगी भीषण आग

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मंडला जिले में नेशनल हाईवे 30 पर रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब चलते ट्राले में अचानक भीषण आग लग गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तिंदनी ग्राम के पास की बताई जा रही है जहां लोहे के बीम से लोड एक ट्राला अचानक आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राला सामान्य रूप से हाईवे पर दौड़ रहा था तभी अचानक उसके केबिन से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कुछ ही मिनटों में ट्राले का केबिन आग के गोले में तब्दील हो गया। आग इतनी तेज थी कि चालक को तुरंत ट्राला रोककर किसी तरह अपनी जान बचानी पड़ी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है जिसने देखते ही देखते पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचता तब तक ट्राले का केबिन और अगला टायर पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे।

# पात्रता परीक्षा को समाप्त करने दिया ज्ञापन

मण्डला/घुघरी (स्वतंत्र मत)।

जिले के घुघरी ब्लॉक के शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने और सेवाअवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने मांग को लेकर एक संयुक्त ज्ञापन केंद्र और राज्य सरकार को भेजा है। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया है। शिक्षकों द्वारा साझा मंच के माध्यम से भेजे गए इस ज्ञापन में हाल ही में आए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद उत्पन्न परिस्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। शिक्षकों का कहना है



कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर अब टीईटी की अनिवार्यता लागू किए जाने से उनके रोजगार पर अस्थिरता का खतरा मंडरा रहा है ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2010 में लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत टीईटी की अनिवार्यता जोड़ी गई थी लेकिन इसे पूर्व से कार्यरत शिक्षकों पर लागू करना न्यायसंगत नहीं है। शिक्षकों ने तर्क दिया कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षक अपने अनुभव, स्थानीय भाषा की समझ और क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्य करने की क्षमता के आधार पर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए हुए हैं। मांग की है ताकि कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट मिल सके। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इस विषय में शीघ्र राहत देने के लिए अध्यादेश लाने का भी अनुरोध किया गया है इसके अलावा मध्यप्रदेश के शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों के लिए सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने तथा सभी टर्मिनल लाभ पूर्ण रूप से प्रदान करने की भी मांग उठाई गई है।

## सुरक्षाकर्मी से मारपीट, मामला दर्ज

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** जिले के बिछिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को एक सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लपटी निवासी 45 वर्षीय पंचूलाल यादव जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में एक निजी एजेंसी के माध्यम से सुरक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत हैं ने थाना बिछिया में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल को सुबह करीब 11:20 से 11:30 बजे के बीच वे अस्पताल के मुख्य द्वार पर आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की जांच कर रहे थे ताकि कोई भी व्यक्ति गुटखा सिगरेट जैसी प्रतिबंधित सामग्री अंदर न ले जा सके इसी दौरान बिछिया निवासी विवेक पांडे अस्पताल पहुंचा सुरक्षाकर्मी द्वारा गुटखा खाकर अंदर आने से रोकने पर आरोपी भड़क गया और उसने पंचूलाल यादव के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी इस घटना में सुरक्षाकर्मी के चेहरे पर चोट आई है शिकायत में यह भी बताया गया है कि घटना के समय अस्पताल का अन्य स्टाफ भी मौके पर मौजूद था जिनके सामने आरोपी ने गाली-गलौच की। पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है जिसकी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई गई है पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी विवेक पांडे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2) और 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# पात्रता परीक्षा के विरोध में सड़कों पर उतरे शिक्षक



## शासकीय सेवा की समाप्ति के भय से सहमे शिक्षक आंदोलन की राह पर

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

पात्रता परीक्षा के विरोध में शिक्षक सड़को पर अपना प्रदर्शन कर रहा है। विरोध परीक्षा का नही बल्कि परीक्षा में पात्र नही होने के बाद शासकीय सेवा से अनिवार्य सेवा निवृत्ति का भय शिक्षको को सता रहा है। मसलन अब अध्यापक शिक्षक संवर्ग के सभी संगठन लामबंद हो गये है। बनाये गये संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षक अपना विरोध सड़को पर जता रहे है। कल सम्पूर्ण नैनपुर विकास खंड के अधयापक शिक्षक एक मंच ओर इकट्ठे हुए। जहां उन्होंने रैली निकालकर जमकर प्रदर्शन किया। नगर के वार्ड 11 स्थित मंगल भवन में एकत्र हुए शिक्षक समुदाय ने टेट परीक्षा का पुरजोर विरोध किया । यहां सभी ने अपने अपने वक्तव्य उद्बोधन में न्यायालय के निर्णय को शिक्षको के लिहाज से असंगत बताते हुए मध्य प्रदेश की सरकार से पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की। इसके अलावा अध्यापक शिक्षक संवर्ग की नियुक्ति दिनाक से सेवा अवधि की गणना कर पेंशन ग्रेज्युटी और अवकाशों के नगदी करण का लाभ दिए जाने की बात कही। यहां मौजूद महिला और पुरुष अधयापक संवर्ग के 8 सौ से भी अधिक शिक्षक अपना विरोध जताने एकत्र हुए थे। सभा के बाद सभी प्रदर्शनकारी शिक्षको ने एक वृहत रैली निकाली। जो मंगल भवन से आरम्भ होकर पुरानी बस्ती वार्ड 11 होकर रेलवे समपार से बाँसुरी वादन, विश्राम भवन चौक होकर मुख्य मार्ग से एसडीएम कार्यालय पहुंची।

जहां एक ज्ञापन सरकार से आह्वान करते हुए एस डी एम आशुतोष महादेव ठाकुर को संयुक्त मोर्चा के दारा सौंपा गया। यह पहला अवसर था जब शिक्षक समुदाय अपनी सेवा से निकाले जाने से भयभीत होकर सड़को पर संघर्ष कर रहा है। 25 से 28 सालों की अपनी सरकारी नौकरी के छूट जाने से डरा और सहमा हुआ है। लिहाजा शिक्षक सड़को में प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जता रहा है। बताया गया कि संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आगामी 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहा है।



## नरवाई में आग न लगाने कृषि अधिकारी की अपील

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू राष्टीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति में फसल कटाई के पश्चात बची हुई फसल अवशेष में 2014 के अंतर्गत किसानो से अपील की जा रही है कि कृषक खेतो मे आग न लगाए। नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुँचती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरकता को भी कम करती है। इससे भूमि में उपस्थित लाभकारी सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते है। तथा फसलो की उत्पाद?कता प्रभावित होती है। साथ ही इससे वायु प्रदुषण बढ़ता है जो मानव स्वास्थ्य पशु पक्षियों व पर्यावरण के लिए हानि कारक है। फसल अवशेष प्रबंधन में वैकल्पिक उपाय जैसे बेलर, स्ट्रॉ शेषर, मल्चर, रोटावेटर कम्बाईन हारवेस्टर यंत्रो का उपयोग कर नरवाई को मिट्टी में मिलाए।

**नरवाई जलाने पर लगेगा जुर्माना** - प्रशासन ने नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में जुर्माना निर्धारित किया है। 2 एकड़ से कम भूमि पर 2500 रुपये , 2 से 5 एकड़ के लिए 5000 रूपये श, 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 रुपए तक जुर्माना लगाया जा बता सकता है। सभी कृषक बंधुओ से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री मति पी एस वरकडे ने अपील किया है कि नरवार मे आग न लगाएं पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं होने वाली प्रशानिक कार्यवाही से बचे।

# रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का भव्य शुभारंभ

## दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे सभी मैच

### नगर पालिका और जन भागीदारी से आयोजित

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर पालिका परिषद नैनपुर द्वारा जनभागीदारी समिति के सहयोग से आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के साथ ही एक बार पुनः नगर का ऐतिहासिक जे आर सी मैदान दूधिया रोशनी में नहा गया। 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित इस स्पर्धा में कुल 10 टीमो ने अपनी हिस्सेदारी रखी है। प्रतियोगिता का प्रारंभ में भारत माता एवं सरस्वती जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उक्त प्रतियोगिता स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने एवं क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के साथ खेल भावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। शुभारंभ के दौरान नपा अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती संजू लता वैष्णव, पार्षद राजाराम शर्मा, श्रीमती सुशीला चौरसिया, नितिन ठाकुर , श्रीमती पिंकी चौधरी, श्री मोहित कांत झरिया गणमान्य नागरिक श्रीमती श्रद्धा कावरेती, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश चंद्रौल एवं अन्य उपस्थित रहे। स्पर्धा के पहले दिन तीन मैच खेले गये। पहला मैच अद्विक टाइटन और विक्ट्री वॉरियर के मध्य हुआ जिसमें विक्ट्री वॉरियर ने विजय प्राप्त की। दूसरा मैच



के टी 11 एवं नैनपुर रॉयल के मध्य हुआ जिसमें के टी 11 ने विजय प्राप्त की।

तीसरे एवं अंतिम मैच में मुकाबला नैनपुर धाकड़ एवं नैनपुर योद्धा के मध्य हुआ जिसमें नैनपुर धाकड़ ने विजय श्री का वरण किया। सारे मैच रात्रिकाल में दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे। जिसके लिए मगर पालिका द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई है।


संपादकीय

## न्याय मांगते वोटर्स

मताधिकार भारत के प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसे न तो कोई छीन सकता है और न ही स्थगित कर सकता है। स्थगित के मायने हैं कि कोई बात नहीं, आप पांच साल के बाद वाले चुनाव में मतदान कर लेना। लेकिन पश्चिम बंगाल में ऐसा हुआ है और हडकंप मचा है। लोगों में भय और आशंका है कि अंततः उनकी नागरिकता रद्द कर दी जाएगी! चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कई राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में किए हैं। बेशक बिहार में तूफान मचा और इसे राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन नाकाम रहीं। चुनाव सम्पन्न हो गया और भाजपा-एनडीए की सरकार बरकरार रही। बंगाल में 'तार्किक विसंगति श्रेणी' की प्रक्रिया के बाद भी 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए। कुल 90.83 लाख से अधिक नाम काटे गए हैं। क्या वे सभी घुसपैठिए या फर्जी मतदाता थे? आयोग ने आज तक यह स्पष्ट क्यों नहीं किया?

चुनाव आयोग के पास मताधिकार छीनने की कोई संवैधानिक शक्ति नहीं है। यदि लाखों नाम काटे गए हैं, तो उनका ब्यौरा भी देना पड़ेगा, क्योंकि यह मौलिक अधिकार का सवाल है। यह आंकड़ा 4 लोकसभा सीट के मतदाताओं की कुल संख्या से भी अधिक है, नतीजतन इस बार के विधानसभा चुनाव में कुल 6,75,54,184 मतदाता ही वोट डाल सकेंगे। बंगाल में एसआईआर से पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से अधिक थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी 7.61 करोड़ से ज्यादा पात्र मतदाता थे। जिन 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम अधर में लटके हैं अथवा जो नाम अब भी संदिग्ध हैं, वे निश्चित तौर पर 23 और 29 अप्रैल के मतदान में मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे, क्योंकि नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मतदाता सूचियां 'फ्रीज' कर दी गई हैं। यानी उनमें अब कोई संशोधन नहीं किया जा सकता। हालांकि ये लाखों मतदाता ट्रिब्यूनल के सामने अपनी शिकायतें, आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं, लेकिन ट्रिब्यूनल ही लूले-लंगड़े हैं। उनके पास कमरा, कुर्सी, मेज, डिजिटल नेटवर्क की सुविधाएं ही नहीं हैं। सर्वोच्च अदालत के आदेश पर जिन न्यायिक समितियों को मतदाताओं के मामलों की जांच करनी थी, उनमें से कई समितियां तो गठित ही नहीं हुई हैं। मतदाताओं को 'न्याय' कौन और कैसे देगा? मान लीजिए कि तार्किक विसंगति के मामलों की जांच के बाद 10 लाख नाम सही पाए गए और उनकी एक पूरक मतदाता सूची चुनाव आयोग ने प्रकाशित भी कर दी, तो उन्हें कौन वोट डालने देगा? क्या चुनाव अधिकारियों को 'पूरक सूची' संबंधी निर्देश दिए गए हैं? वे वोट कैसे डाल सकेंगे, जबकि मतदाता सूचियां तो 'फ्रीज' हो चुकी हैं? पात्र मतदाता भी वोट कैसे डाल सकेगा? मताधिकार तो चिरस्थायी, सार्वकालिक, निरंतर है। चुनाव जब भी होंगे, तो देश के नागरिक को अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार 'सदैव' है। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग के संवैधानिक दायित्वों में आता है, लेकिन यह जनता-विरोधी साबित नहीं होना चाहिए।

# एलपीजी का विकल्प बन सकती है बायोगैस



डॉ. शशांक द्विवेदी

लेखक टीएसएससी, परियोजना प्रबंधक हैं

वर्तमान वैश्विक संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। बायोगैस जैसे स्वदेशी और टिकाऊ विकल्पों को अपनाकर भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को गति दे सकता है। भारत आज ऊर्जा परिवर्तन के एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। एक ओर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों घरों तक एलपीजी पहुंचाकर स्वच्छ ईंधन की क्रांति लाई है, वहीं दूसरी ओर बढ़ती आयात निर्भरता, कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक भू-राजनीतिक संकटों ने देश की ऊर्जा सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। हाल के समय में पश्चिम एशिया के तनाव के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने की घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा किया है। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। नि:संदेह, यह स्थिति भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश के लिए एक चेतावनी है कि अब ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्न को टालना संभव नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय संकटों का सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ता है, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं, महंगाई बढ़ती है और घरेलू रसोई तक प्रभावित होती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि हम पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों के विकल्प तलाशें। इसी संदर्भ में



बायोगैस एक मजबूत और टिकाऊ समाधान के रूप में उभरती है। बायोगैस जैविक कचरे-जैसे गोबर, कृषि अवशेष, रसोई कचरा आदि-से उत्पन्न गैस है, जिसमें मुख्य रूप से मीथेन होती है। यह गैस खाना पकाने, बिजली उत्पादन और वाहन ईंधन के रूप में भी इस्तेमाल की जा सकती है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में बायोगैस की अपार संभावनाएं हैं। गांवों में पशुधन और जैविक कचरे की उपलब्धता इसे एक व्यावहारिक विकल्प बनाती है।

गांवों में छोटे और मध्यम आकार के बायोगैस प्लांट स्थापित कर स्थानीय स्तर पर गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम होगी। आधुनिक तकनीक के माध्यम से बायोगैस को शुद्ध कर कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) बनाया जा सकता है, जो एलपीजी और सीएनजी का प्रभावी विकल्प है। 'गोबर-धन योजना' और 'एसएटीएटी' जैसी योजनाएं बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा दे रही हैं। इनके माध्यम से किसानों और उद्यमियों को आर्थिक सहायता और बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। शहरों में निकलने वाले जैविक कचरे को बायोगैस में बदलकर न केवल ऊर्जा पैदा की जा सकती है, बल्कि कचरा प्रबंधन की समस्या का भी समाधान किया जा सकता है। भारत में एलपीजी की सालाना खपत लगभग 28-31 मिलियन टन के आसपास है। भारत में एलपीजी का घरेलू उत्पादन लगभग 10-12 एमएमटी प्रति वर्ष है। यानी कुल मांग का केवल 35-40 प्रतिशत ही देश में बनता है। भारत को हर साल लगभग 18-22 एमएमटी एलपीजी आयात करनी पड़ती है। यानी 60-65 प्रतिशत एलपीजी आयात पर निर्भरता। भारत आधा से ज्यादा एलपीजी बाहर से खरीदता है। आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। इसलिए हॉर्मुज स्ट्रेट जैसे संकट भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए सीधा खतरा हैं। भारत में अभी लगभग 132 सीबीजी प्लांट चल रहे हैं। इनकी कुल उत्पादन क्षमता लगभग 920 टन प्रतिदिन है। यानी अभी बायोगैस का योगदान 1 प्रतिशत से भी कम है। भारत 20 एमएमटी सीबीजी बना सकता है। कुल संभावित क्षमता कचरा, गोबर, अवशेष की। कुल क्षमता लगभग 60 एमएमटी तक मानी जाती है। इसका मतलब भारत अपनी पूरी एलपीजी जरूरत (30 एमएमटी) बायोगैस से पूरा कर सकता है। फिलहाल अभी लगभग 300 से अधिक नए प्लांट निर्माणाधीन हैं। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के अनुसार भारत में 2030 तक बायोगैस उत्पादन 7 गुना तक बढ़ सकता है। बायोगैस न केवल सस्ती है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है, जैविक खाद भी मिलती है और किसानों की आय बढ़ती है। साथ ही, यह स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा करती है। हालांकि, बायोगैस के क्षेत्र में कुछ चुनौतियां भी हैं जैसे- शुरुआती निवेश, तकनीकी जानकारी की कमी और जागरूकता का अभाव। भारत में बायोगैस को लेकर अभी भी कई भ्रांतियां हैं। कई लोग इसे 'गांव की तकनीक' मानते हैं या इसके उपयोग में असुविधा महसूस करते हैं। दूसरी ओर, एलपीजी को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक ईंधन के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि शहरी और यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग एलपीजी को प्राथमिकता देते हैं। इसके लिए जरूरी है कि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और तकनीकी समर्थन उपलब्ध कराएं। वर्तमान वैश्विक संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। बायोगैस जैसे स्वदेशी और टिकाऊ विकल्पों को अपनाकर भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को गति दे सकता है। आज जरूरत है एक समन्वित प्रयास की- नीतियों, तकनीक और जनभागीदारी के जरिए ताकि बायोगैस को एलपीजी का वास्तविक विकल्प बनाया जा सके और भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

## मैदान खत्म, मेडल खत्म



पवन शर्मा

140 करोड़ की आबादी वाला भारत आज भी वैश्विक खेल मंच पर संघर्ष करता है। यह प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता है। सच्चाई यह है कि भारत खिलाड़ी नहीं बना रहा, बल्कि उन्हें खो रहा है। समस्या की शुरुआत सबसे बुनियादी स्तर से होती है-मैदानों के खत्म होने से। जहां कभी बच्चे खेलते थे, वहां आज इमारतें खड़ी हैं। खेल अब जीवन का स्वाभाविक हिस्सा नहीं रहा, बल्कि एक सीमित और महंगी सुविधा बन गया है। जो देश अपने बच्चों को खेलने की आज़ादी नहीं देता, वह उनसे जीत की उम्मीद कैसे कर सकता है? स्कूलों की स्थिति और भी चिंताजनक है। 26 करोड़ छात्रों और लगभग 15 लाख स्कूलों के बावजूद खेल केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। खेल पीरियड रद्द हो जाते हैं, कोई संरचित प्रशिक्षण नहीं है, और प्रतिभा पहचानने की कोई व्यवस्था नहीं। यह केवल खेल का नुकसान नहीं है- यह मानसिक विकास का भी नुकसान है। खेल बच्चों को तेज दिमाग, अनुशासन और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता देता है। दुनिया से तुलना करें तो स्थिति और स्पष्ट हो जाती है। ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड जैसे छोटे देश लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हैं। अंतर केवल व्यवस्था का है। वे प्रणाली बनाते हैं, हम अपवादों पर निर्भर रहते हैं। वित्तीय स्थिति भी यही कहानी कहती है। भारत का खेल बजट लगभग 4,400 करोड़ रुपए है, जबकि चीन लगभग 3 लाख करोड़ रुपए सालाना खेलों और खिलाड़ियों पर खर्च करता है। भारत कम खर्च करता है, लेकिन उम्मीदें बड़ी रखता है-यह नीति नहीं, भ्रम है। सबसे गंभीर समस्या खेल प्रशासन में है। खेलों का संचालन ऐसे लोगों के हाथ में है जिनका खेल से सीधा संबंध नहीं है। बिना अनुभव वाले निर्णयकर्ता नीतियां बनाते हैं, चयन करते हैं और दिशा तय करते हैं। इससे पक्षपात बढ़ता है और प्रतिभा दब जाती है। भारत में खिलाड़ी हारता नहीं, उसे हराया जाता है। कोच, जो खिलाड़ी बनाते हैं, आज भी सम्मान और उचित वेतन से वंचित हैं। बिना मजबूत कोचिंग व्यवस्था के कोई भी देश खेलों में आगे नहीं बढ़ सकता। जिला स्तर पर स्थिति और कमजोर है। जहां से असली प्रतिभा आती है, वहां सुविधाएं नहीं हैं। कुछ शहरों तक सीमित ढांचा पूरे देश की क्षमता को रोक देता है। सबसे बड़ा अभाव जवाबदेही का है। जीत पर जश्न होता है, लेकिन हार पर कोई सवाल नहीं होता। जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होगी, सुधार संभव नहीं है। समाधान स्पष्ट है- स्कूल स्तर से खेल को अनिवार्य और संरचित बनाना होगा, मैदानों को सुरक्षित रखना होगा, चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना होगा, कोच को सम्मान देना होगा, और सबसे महत्वपूर्ण, खेलों का संचालन केवल खेल से जुड़े योग्य लोगों को ही सौंपना होगा। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है। कमी है उसे सही दिशा देने वाली व्यवस्था की। यदि देश को जीतना है, तो शुरुआत वहीं से करनी होगी जहां गलती हुई थी- मैदान से। क्योंकि जो देश अपने मैदान खो देता है, वह अपनी जीत भी खो देता है।

## होर्मुज की चाबी और दिन में तारे

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों वाला खेल चल रहा है। किसी चंचल बच्चे की तरह बच्चा बुद्धि वाले ट्रंप अंकल उसके बाप साबित हो चुके ईरान से बार-बार मिन्नतें कर रहे हैं कि होर्मुज खोलो.. होर्मुज खोलो...। ईरान खिलखिलाते हुए कह रहा है- 'जाओ नहीं खोलता, क्या कर लोगे...।' अंकल फिर रूठ जाते हैं। ठीक उसी तरह जैसे कोई बच्चा चांद को देखकर मचल जाता है कि मुझे चंदा मामा चाहिए, चंदा मामा चाहिए। चंदा मामा तो दूर के हैं ही, होर्मुज तो उससे भी दूर का हो चला है। कैसे लाओगे? खिसियाई बिल्ली की तरह ट्रंप खंभा नोचने लगते हैं। फिर वही रट लगाते हैं- 'खोलो न, खोलो न।' ट्रंप की दुखती नस पकड़ चुके ईरान के शासक अब की बार व्यंग्यभरी मुस्कान के लहजे में ट्रंप को झुनझुना पकड़ाकर कहते हैं- 'खोलें कैसे? होर्मुज की तो चाबी ही खो गई है...।' ईरानी दूतावास व्यंग्यभरे लहजे में कह रहा है कि चाबी फूलदान के नीचे है, होर्मुज दोस्तों के लिए खुला है। चाबी उन्हीं को दी जाएगी जो हमारे मित्र हैं। अभी तो ईरान चाबी खोने के तंज ही कस रहा है। कहीं सच में उसने होर्मुज की चाबी को फूलदान के नीचे से निकाल उसी जलडमरूमध्य में उछाल दिया तो...! फिर अंकल सैम क्या करेंगे। अपने फंसे हुए सैनिक को ईरान की पहाड़ियों से बाहर लाना तो आसान है, पर समुद्र में डूबी उस अदृश्य चाबी को निकाल पाना... तौबा-तौबा..! किसकी मदद लोगे जनाब ट्रंप? नाटो वाले तो पहले ही मना कर चुके हैं। बाकी दुनिया की बात छोड़िए, आपके घर वाले ही आपके खिलाफ हैं। खैर, चाबी तो तुम क्या ही निकालोगे। जिन खाड़ी देशों में अपने सैन्य अड्डे बनाए बैठे हो, उनकी सुरक्षा तक तो कर नहीं पा रहे! भई, अकेला चना कब तक भाड़ फोड़ेगा? पहले रोज सवेरे उठकर टैरिफ लगा दूंगा, टैरिफ लगा दूंगा... के गीत गाते थे, अब युद्ध शुरू कर होर्मुज चाहिए, होर्मुज चाहिए... के गीत गा रहे हो! ईरान ने तुम्हें दिन में तारे और रात की नींद में होर्मुज के सपने दिखा दिए हैं। तेल लेने गए थे ईरान, उन्होंने तुम्हारा तेल निकाल दिया है। फिलहाल अंकल सैम, तेल देखो-तेल की धार देखो।

- मनीष कुमार चौधरी

# सुरों की बारिश थम गई, आशा फिर भी भीगती रही



कृति आरके जैन

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है।

ओ. पी. नैय्यर से लेकर आर. डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानो उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों-जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो। बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहाँ अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरुआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरुआत एक ऐसी सशक्त आवाज़ का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी।

उनके करियर में सफलता और ऊँचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। 'तीसरी मंजिल' का 'आजा आजा', 'हरे राम हरे कृष्णा' का 'दम मारो दम' और 'उमराव जान' का 'दिल चीज क्या है' भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज़ ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया।

व्यक्तिगत जीवन में आशा भोसले ने कई संघर्षों का सामना किया, जिसने उन्हें सशक्त बनाया। कम उम्र में विवाह, पारिवारिक असहमति और बाद में वैवाहिक अलगाव ने उनके जीवन को प्रभावित किया, फिर भी बच्चों-हेमंत, वर्षा और आनंद-की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने संगीत से दूरी नहीं बनाई। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। बहन लता मंगेशकर के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन संगीत ने उन्हें हमेशा जोड़े रखा। उन्होंने 'आशा' नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई। 2013 में फिल्म 'माई' से उन्होंने अभिनय में भी कदम रखा। उनका यह बहुआयामी व्यक्तित्व उन्हें एक सशक्त और प्रेरक हस्ती बनाता है।




प्रसंगवशः आशा भोसले का निधन

आशा भोसले को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, सात फिल्मफेयर और दो राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले। उन्होंने भजन, ग़ज़ल, पॉप और वेस्टर्न संगीत में भी अपनी सशक्त आवाज़ दी, जिससे उनका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर तक पहुँचा। 'ये मेरा दिल' जैसे गीतों में हेलेन के लिए उनकी गायकी ने अलग पहचान बनाई, वहीं 'लगान' जैसे प्रोजेक्ट्स में उनकी उपस्थिति ने नई ऊर्जा दी। कॉर्नरशॉप के 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' और क्रोनोस क्वार्टेट के साथ सहयोग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशिष्ट स्थान दिलाया। उनकी सॉप्रानो आवाज़ ने भारतीय संगीत की सीमाएँ लांघकर विश्व संगीत में भी अमिट छाप छोड़ी। वे हर शैली में सहज रहीं और हर प्रयोग को सफलता में बदलती रहीं।

जीवन के अंतिम वर्षों में भी आशा भोसले पूरी तरह सक्रिय रहीं। उन्होंने डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और यूट्यूब के माध्यम से नई पीढ़ी से सीधा संवाद स्थापित किया। 2026 में गोरिलाज जैसे अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ उनका अंतिम सहयोग उनकी प्रयोगधर्मिता और नवाचार के प्रति समर्पण का सशक्त प्रमाण बना। उनकी पोती जनाई भोसले भी संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं, जिससे यह धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित है। उनकी विरासत केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि संपूर्ण भारतीय संगीत जगत में व्यापक रूप से फैली हुई है। आज जब उनकी धुनें स्मृतियों में गूंजती हैं, तो नई पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणास्रोत के रूप में देखती है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कला समय की सीमाओं से परे होती है और स्वर कभी समाप्त नहीं होते, वे केवल रूप बदलकर सदा जीवित रहते हैं।

आशा भोसले का जाना केवल एक कलाकार की विदाई नहीं, बल्कि भारतीय संगीत के स्वर्णिम युग के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अवसान है। फिर भी यह अंत पूर्ण नहीं, क्योंकि उनके गीत समय के साथ अमर रहेंगे। जब भी कोई पुराना गीत गूंजता है, उनकी आवाज़ फिर वातावरण में जीवंत हो उठती है। संघर्ष, नवाचार और समर्पण के बल पर उन्होंने सिद्ध किया कि संगीत केवल कला नहीं, बल्कि जीवन की आत्मा है। आज देश और दुनिया भर में उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण किया जा रहा है। उनका नाम आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। आशा भोसले-एक स्वर-आत्मा, जो समय से परे जाकर भी अमर है और सुरों की दुनिया में सदा प्रकाश बनकर चमकती रहेगी।

# बच्चों की बुद्धिमत्ता और मानसिक विकास पर प्रदूषित हवा का असर



ज्ञानेन्द्र रावत

पर्यावरणविद्

वायु प्रदूषण अब एक गंभीर और जानलेवा समस्या बन चुका है। इसका असर अब हृदय, फेफड़े, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह हड्डियों, श्वसन प्रणाली और प्रजनन तंत्र को भी प्रभावित कर रहा है। यह शरीर के हर अंग को प्रभावित कर रहा है और अब यह कैंसर और मेटाबॉलिक विकार को भी पार कर चुका है। इससे मस्तिष्क पर भी गंभीर असर पड़ रहा है, जिससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। कारण यह है कि अब वातावरण में मानक से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं। यह मानसिक विकार के साथ-साथ बच्चों की बुद्धिमत्ता पर भी असर डाल रहा है।

दुनिया के शोध-अध्ययन प्रमाणित करते हैं कि वायु प्रदूषण बच्चों के मानसिक विकास के लिए गंभीर खतरा है। यह उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, एकाग्रता और सीखने की क्षमता को कम कर देता है। प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण बच्चों के दिमाग के विकास में बाधा डालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनकी भाषा, कौशल, मूड नियंत्रण और व्यवहार संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्वों के कारण बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर नकारात्मक असर डालते हैं। यही नहीं, अत्यधिक सक्रियता, खराब स्मृति और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई भी पैदा हो सकती है। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है।

यातायात से संबंधित वायु प्रदूषण इन समस्याओं की बढ़ोतरी में नकारात्मक भूमिका निभाता है। एनपीजे क्लीन एयर नामक शोध में खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के कारण इंसान की सोचने-समझने की क्षमता, यानी आईक्यू, पर भी असर पड़ रहा है। बर्मिंघम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कुल 134 देशों में स्थित 7800 से अधिक शहरों में सेटेलाइट से सूक्ष्म कणों के लांग-लीनियर मॉडल के इस्तेमाल कर गणना की कि वायु प्रदूषण का आईक्यू पर कितना असर हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण) के कारण पूरी दुनिया की आबादी को 65 अरब आईक्यू अंक का नुकसान हो रहा है। उनके अनुसार, पीएम कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क तक पहुंच रहे हैं। इससे दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा हो रही है। धूल के इन कणों में कैडमियम, मैगनीज और आर्सेनिक जैसी जहरीली धातुएं होती हैं, जो बच्चों के मानसिक विकास के लिए बेहद हानिकारक हैं।

दरअसल, वैज्ञानिकों ने यह शोध 'ईक्यू' को एक संख्या मानकर किया है, जो यह बताती है कि किसी व्यक्ति की सोचने, समझने, तर्क करने और समस्याओं को सुलझाने की क्षमता उसकी उम्र के अन्य लोगों की तुलना में कितनी है। शोध में पाया गया कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 के हर एक माइक्रोग्राम के बढ़ने पर आईक्यू स्कोर में गिरावट आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रति व्यक्ति आईक्यू हानि का स्तर उन्नत देशों में ज्यादा है, जहां पीएम 2.5 का स्तर बहुत ज्यादा है।

भारत में अत्यधिक प्रदूषण के कारण आईक्यू का नुकसान 20 अंक तक पहुंच गया है। कम और मध्यम आय वाले देश इस संकट की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। इससे बच्चों का विकास सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। यही नहीं, सूक्ष्म कणों के असर से गर्भवती महिलाओं पर भी यह ज्यादा खतरा बन सकता है। गर्भावस्था के दौरान सूक्ष्म कणों का प्रभाव (1 से 6 अंक की हानि) या शराब के सेवन (3 से 7 अंक की हानि) जैसे स्थापित जोखिम कारकों के समान है।

विकासशील देशों पर प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। वहां यह नुकसान 19 अंक तक हो सकता है, जबकि वैश्विक औसत 1 अंक से 2 अंक के बीच है। सबसे दुखदायी यह है कि 15 साल से कम उम्र के लगभग 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, आज 93 फीसदी बच्चे प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं अक्सर एयरोसोल से संबंधित होती हैं। एयरोसोल हवा में निलंबित सूक्ष्म ठोस या तरल लवण होते हैं। इनका आकार कुछ नैनोमीटर से लेकर कई माइक्रोमीटर तक हो सकता है। एयरोसोल मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं। इनमें धुआं, कोहरा और औद्योगिक प्रदूषण कण शामिल होते हैं। ये कण जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता से संबंधित प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। एयरोसोल रसायनों के कारण श्वसन संबंधी, लीवर, तंत्रिका तंत्र, आंख और त्वचा की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके प्रभाव से पौधे और जानवर भी अछूते नहीं रहते। अब सर्दियों के दिनों में, उत्तरी भारत के मुकाबले साफ माने जाने वाले देश के दक्षिणी राज्यों के प्रमुख शहरों जैसे चेन्नई और बंगलुरू में वायु गुणवत्ता बिगड़ने के संकेत मिल रहे हैं, जो एक खतरनाक नया जोखिम है। इसके पीछे मौसम को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सीपीसीबी के एयर क्वालिटी मानीटरिंग डेटा पर आधारित संस्था क्लाइमेट ट्रेंड्स के विश्लेषण के अनुसार, मौसम की बदलती स्थितियां प्रदूषण के स्तर में 40 फीसदी तक बदलाव ला सकती हैं। देश के प्रमुख शहरों के विश्लेषण से यह खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण को केवल उत्सर्जन की समस्या मानना अधूरा दृष्टिकोण है। असल में उत्सर्जन और मौसम के बीच की परस्पर क्रिया ही वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। जब हवा की गति कम और नमी ज्यादा होती है, तब वातावरण में ठहराव बनता है और प्रदूषण तेजी से बढ़ता है। असलियत में, अब वायु प्रदूषण केवल सर्दियों के मौसम का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह सालभर जारी रहने वाला गंभीर स्वास्थ्य खतरा बन चुका है।



# परमाणु हथियार की जिद और विश्वास की कमी
## इन 5 वजहों से नहीं हो पाया ईरान-अमेरिका में समझौता




इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच 21 घंटे तक चली शांति वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई। दशकों में हुई इस उच्चतम स्तर की कूटनीतिक कोशिश के बावजूद दोनों पक्ष गहरे मतभेदों को दूर करने में विफल रहे। हालांकि, दोनों पक्षों ने भविष्य में बातचीत जारी रखने के संकेत दिए हैं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस्लामाबाद में चल रही शांति वार्ता के दौरान ऐसा क्या हुआ है, जिसके कारण बातचीत विफल हो गई। आइए जानते हैं ईरान-अमेरिका के बीच विफल हुए शांति वार्ता के उन पांच प्रमुख कारणों के बारे में, जिसने मिडिल ईस्ट की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### 1. परमाणु कार्यक्रम पर मतभेद

इस्लामाबाद में हो रही शांति वार्ता में अमेरिका की मांग थी कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की क्षमता विकसित नहीं करेगा, इस संबंध में ठोस गारंटी दी जाए। अमेरिका ने संवर्धन और संबंधित उपकरणों पर सख्त प्रतिबंध लगाने की बात कही, जबकि तेहरान ने इसे अपने संप्रभु अधिकारों पर अत्यधिक प्रतिबंध मानते हुए इसका विरोध किया और अमेरिका के इस प्रस्ताव को मानने से इनकार कर दिया।

### 2. जब्त संपत्तियों पर विवाद

ईरान ने किसी भी समझौते के हिस्से के रूप में कतर और अन्य देशों में मौजूद निधियों सहित विदेशों में रखी जब्त संपत्तियों की मांग की है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने ऐसी शर्तों पर सहमत होने से इनकार कर दिया, जिससे आर्थिक रियायतों पर अपेक्षाओं में स्पष्ट अंतर उजागर हुआ।

### 3. होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव

इस्लामाबाद में चली बातचीत के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण का मुद्द प्रमुख विवाद बनकर उभरा, जिस पर ईरान ने पारगमन शुल्क वसूलने की क्षमता सहित अधिक अधिकार की मांग की। जबकि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट से बिना किसी रोक-टोक वैश्विक माल ढुलाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### 4. ईरान की व्यापक मांग

ईरान ने युद्ध में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति और लेबनान सहित पूरे क्षेत्र में पूर्ण युद्धविराम की मांग करके वार्ता का दायरा बढ़ाया। जबकि अमेरिका परमाणु प्रतिबंधों और समुद्री सुरक्षा पर केंद्रित रहा, जिससे दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता में असंगति उत्पन्न हुई।

### 5. विश्वास की कमी

पाकिस्तान में हुई अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता के दौरान तनाव में उतार-चढ़ाव और आपसी अविश्वास की कमी देखने को मिली। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अड़ियलपन का आरोप लगाया, जिससे विवाद और अधिक बढ़ गया। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच अभी भी काफी मतभेद हैं और युद्धविराम की स्थिति नाजुक है।




## हिमाचल के बलोह गांव में मिला पाकिस्तानी गुब्बारा

**झंडूता।** बिलासपुर जिला के उपमंडल झंडूता की ग्राम पंचायत बलोह के गांव बलोह में शनिवार सुबह खेतों में एक संदिग्ध पाकिस्तानी गुब्बारा देखा गया। गुब्बारे पर पाकिस्तान एयरलाइन लिखा गया था। स्थानीय निवासी राजकुमार ने बताया कि सुबह के समय खेतों में काम कर रहे लोगों की नजर इस गुब्बारे पर पड़ी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस थाना तलाई को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और गुब्बारे को कब्जे में ले लिया। स्थानीय निवासी बलोह राजेश गौतम ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि है कि इसकी जांच करवाई जाए। यह एक हवाई जहाज के आकार का गुब्बारा है, जिस पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन लिखा स्पष्ट दिख रहा है।

## नेपाल में ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का पर्दाफाश, 18 भारतीय समेत 20 गिरफ्तार

काठमांडू



अवैध आनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए रुपंदेही पुलिस ने 18 भारतीय नागरिकों सहित कुल 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस कार्यालय रुपंदेही टीम ने तिलोत्तमा नगरपालिका के दो अलग अलग स्थानों पर की। जिला पुलिस कार्यालय रुपंदेही के सूचना अधिकारी एवं पुलिस नायब उपरीक्षक कृष्ण कुमार चंद ने बताया कि पहली कार्रवाई तिलोत्तमा नगरपालिका-7 में की गई। यहां से नौ भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार लिया गया। गिरफ्तार सभी आरोपित उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। मौके से पुलिस ने 3 लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन और हिसाब रखने वाले 5 रजिस्टर बरामद किए। दूसरी बड़ी कार्रवाई तिलोत्तमा नगरपालिका-15, कोटिहवा में हुई। यहां से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी चंद ने बताया कि इनमें भारत के विभिन्न राज्यों के नागरिकों के साथ रुपंदेही के एक पुरुष और सुर्खेत की मूल निवासी एक महिला भी शामिल है जो वर्तमान में रुपंदेही में रह रही थी। इनके पास से बरामद सामानों में भारतीय बैंकों के 23 बंडल चेकबुक, 25 एटीएम कार्ड, 91,725 रुपये नकद, एक भारतीय पासपोर्ट, 30 आधार कार्ड, 6 लैपटॉप, 21 मोबाइल, 3 पेन ड्राइव, 3 स्टैंप और 1 राउटर शामिल हैं। इतने दस्तावेज और उपकरण मिलने से साफ है कि यह रैकेट बड़े स्तर पर संचालित हो रहा था। **गिरफ्तार आरोपी**- उत्तर प्रदेश के बलिया निवासी प्रदीप गुप्ता, गोण्डा निवासी पवन कुमार, बलिया निवासी सतीश कुमार, बिहार के सिवान निवासी मनु कुमार सोनी , सिवान निवासी अमर कुमार, गोण्डा निवासी नरसिंह, गोण्डा निवासी राम असिस सिंह, पश्चिम बंगाल के नदिया निवासी सुदीप माझी और उत्तर प्रदेश के बलिया निवासी अभिषेक ठाकुर, भारत के जगदीशपुर निवासी संदीप कुमार, हैदराबाद तेलंगाना निवासी एम.डी. हाकिम, कुशीनगर उत्तर प्रदेश निवासी सतेन्द्र सिंह, गोरखपुर निवासी श्याम सुंदर, रतनपुर निवासी दीपक पाण्डे, गाजीपुर निवासी रियाज अहमद, कानपुर देहात निवासी प्रदीप कुमार, दिल्ली की तन्नु कुमारी, दिल्ली की ही राखी झा रुपन्देही के ओमसतिया निवासी अक्लेश कुमार यादव और सुर्खेत निवासी सीमा राना को गिरफ्तार किया गया है।

# पूर्ववर्ती सरकारों ने बंगाल को बनाया कंगाल: योगी

कोलकाता (वार्ता)



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में पतन को देखने वाला बंगाल इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहाँ भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने पर ही बदलाव संभव है। श्री योगी ने बीरभूम जिले के सोनमुखी में एक रैली में अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा शासन व्यवस्था में राज्य की हालत काफ़ी खराब है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में बदलाव जरूर आएगा। यह वह धरती है जिसने कभी कला, संस्कृति और आर्थिक विकास के मामले में देश का नेतृत्व किया था। यहाँ के युवाओं की ऊर्जा और मज़दूरों की कड़ी मेहनत ने ही कभी इस राज्य की सकल घरेलू उत्पाद को गति दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक के बाद एक प्रदेश में आने वाली सरकारों ने, जिसमें कांग्रेस से लेकर वामपंथियों तक और अब तृणमूल कांग्रेस तक शामिल हैं, ने इस राज्य को कंगाल बना दिया है। उन्होंने इतिहास का ज़िक्र करते हुए कहा कि बंगाल की धरती ने सुभाष चंद्र बोस, खुदीराम बोस और स्वामी विवेकानंद जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है और यह वैदिक विचारों की विरासत को आगे बढ़ाती है। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन आज, वही धरती तृणमूल के शासन में भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और असामाजिक गतिविधियों का पर्याय बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग एक दशक पहले उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही स्थिति थी। उन्होंने कहा, आठ-नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में हर त्योहार से पहले दंगे और हिंसा होती थी। वहाँ बेरोज़गारी थी और गुंडा राज था। लेकिन जब से डबल-इंजन सरकार सत्ता में आई है, तब से न कोई दंगा होता है और न ही कोई कर्फ्यू लगता है। माफियाओं का सफाया हो चुका है और कानून-व्यवस्था बहाल हो गई है। उन्होंने कहा, अब उत्तर प्रदेश देश के विकास का इंजन बनकर उभरा है। उन्होंने भाजपा शासन में किए गए वादों को पूरा करने के उदाहरण के तौर पर अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, एक समय था जब लोगों को शक था कि क्या कभी राम मंदिर बन भी पाएगा, लेकिन आज वह बनकर तैयार खड़ा है।

## चोरी करने आये बदमाशों ने की पुजारी की हत्या

**हरिद्वार (वार्ता)।** उत्तराखंड में हरिद्वार जिले के भोगपुर गांव में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां मंदिर में चोरी की नीयत से घुसे अज्ञात बदमाशों ने पुजारी की हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। रविवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरकाजी क्षेत्र के गोदना गांव निवासी राजवीर (65) पिछले दो महीने से भोगपुर स्थित मंदिर में रहकर पूजा-पाठ का कार्य कर रहे थे। कल देर रात कुछ अज्ञात चोर मंदिर में चोरी के इरादे से घुसे। इसी दौरान आहट सुनकर पुजारी जाग गए, जिस पर बदमाशों ने उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल पुजारी की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। सुबह ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो घटना का पता चला।

# ईरान ने होर्मुज से प्रतिदिन 20 लाख डालर शुल्क के साथ 10 जहाजों के गुजरने की अनुमति दी

तेहरान (वार्ता)



ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य से प्रतिदिन लगभग 10 जहाज़ों को गुजरने की अनुमति देने का फैसला किया है, जिसमें सुपरटैंकर के लिए शुल्क 20 लाख डॉलर तक हो सकता है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जनरल ने अपनी एक रिपोर्ट में दी। अखबार के मुताबिक, कई देशों के जहाज़ मालिक इस्लामिक रिवोल्यूसनरी गार्ड कॉर्प (आईआरजीसी) के साथ इस जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो जहाज़ इस रास्ते से गुजरेंगे, उन्हें तय किए गए विशेष मार्गों पर ही चलना होगा और आवश्यक अनुमति लेनी होगी।

गौरतलब है कि बुधवार रात, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्षविराम की घोषणा की थी। इसके बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने होर्मुज़ जलडमरुमध्य को खोलने की घोषणा की थी। यह जलडमरूमध्य दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और एलएनजी की आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

## रुड़की के निजी अस्पताल में आग से अफरा-तफरी


हरिद्वार (वार्ता)

उत्तराखंड के रुड़की शहर स्थित विनय विशाल अस्पताल में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगते ही अस्पताल में तेजी से धुआं फैल गया जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों में दहशत फैल गई। घटना के दौरान अस्पताल की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे कई आवश्यक चिकित्सीय उपकरण अस्थायी रूप से बंद हो गए। विशेष रूप से आईसीयू में भर्ती मरीजों के परिजन चिंता में नजर आए क्योंकि ऑक्सीजन सपोर्ट और अन्य जीवनरक्षक मशीनों के प्रभावित होने से स्थिति गंभीर हो गई थी।

अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में आग अस्पताल के फिजियोथैरेपी सेंटर से शुरू होना सामने आया है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अस्पताल संचालक डॉ. विशाल घई ने बताया कि स्थिति कुछ समय बाद पूरी तरह नियंत्रण में आ गई थी। आईसीयू को पुनः चालू कर दिया गया है और वेंटिलेटर सहित सभी आवश्यक उपकरण सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

# अमरनाथ यात्रा : 3 जुलाई 28 अगस्त तक चलेगी

श्रीनगर



अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को बताया कि इस साल यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। 57 दिन चलने वाली इस यात्रा के लिए जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प से पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे।

उपराज्यपाल सिन्हा ने यात्रा की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि 13 से 70 साल की उम्र वाले यह यात्रा कर सकते हैं। गुफा में पहली पूजा 19 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की जाएगी। यात्रा के लिए अनंतनाग से पारंपरिक 48 किमी लंबा नुनवान-पहलगाम रूट और गांदरबल से 14 किमी लंबा बालटाल रूट खुला रहेगा। उपराज्यपाल सिन्हा ने बताया कि देशभर में लगभग 556 तय बैंक शाखाओं के जरिए यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है, जबकि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए यस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक की ब्रांचेस में यात्रा के रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध रहेंगे।

यात्रा के दौरान मेडिकल सर्टिफिकेट, 4 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, आरएफआईडी कार्ड, ट्रैवल एप्लिकेशन फॉर्म अपने साथ रखें। फिजिकल फिटनेस के लिहाज से हर रोज 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलने की प्रैक्टिस करें। सांस वाला योग जैसे प्राणायाम और एक्सरसाइज करें। यात्रा में ऊनी कपड़े, रेनकोट, ट्रैकिंग स्टिक, पानी बॉटल और जरूरी दवाओं का बैग अपने साथ रखें। मनोज सिन्हा के मुताबिक पिछले सालों की तुलना में व्यवस्थाओं में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। ट्रैकिंग और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आरएफआईडी कार्ड की शुरुआत की गई है। तीर्थयात्रियों के लिए ग्रुप एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कवर को दोगुना करके 5 लाख से 10 लाख रुपए कर दिया गया है। यात्रा के दौरान इस्तेमाल होने वाले टट्टुओं (पोनीज) की मौत होने पर 50,000 रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# आशा ने 20 भाषाओं में गाए 12000 गाने
## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने के बाद बनी एंटरप्रिन्योर



दिग्गज गायिका आशा भोसले ने सात दशकों 12000 से ज्यादा गाने गाए थे। उनके नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। गायिका ने 10 साल की उम्र से गायकी शुरू कर दी थी। वे 'आशा' नाम से रेस्टोरेंट चेन भी चलाती थीं। आशा ताई ने संगीत की दुनिया में अपना पहला कदम तब रखा था, जब वे महज 10 साल की थीं। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी कंधों पर आई, तो उन्होंने मराठी फिल्मों के लिए गाना शुरू किया। कौन जानता था कि एक छोटी सी बच्ची की यह शुरुआत आगे चलकर भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी पहचान बन जाएगी। उन्होंने साबित कर दिया कि हुनर और मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। दुनिया में सबसे ज्यादा गाने रिकॉर्ड करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड आशा ताई के नाम है? उन्होंने 20 से ज्यादा भाषाओं में गाने गाए हैं। चाहे हिंदी हो, मराठी हो या कोई और भाषा, उनकी आवाज हर जगह जादू बिखेरती है। यह आंकड़ा सिर्फ संख्या नहीं है, बल्कि उनके सात दशकों के कड़े रियाज और संगीत के प्रति उनके अटूट समर्पण का जीता-जागता प्रमाण है। आशा भोसले की सबसे बड़ी ताकत उनकी वर्सटैलिटी रही। यानी हर तरह के गाने को बखूबी गाना। उन्होंने शास्त्रीय संगीत से लेकर कव्वाली और कैबरे से लेकर पॉप तक, हर जॉनर में हाथ आजमाया और सफल रहीं। जब वे दम मारो दम गाती हैं, तो माहौल बदल जाता है और जब वे कोई दर्द भरी गजल छेड़ती हैं, तो सुनने वाले की आंखों में आंसू आ जाते हैं। आशा भोसले और दिग्गज संगीतकार आरडी बर्मन (पंचम दा) की जोड़ी दुनिया में मेड फॉर ईच अदर थी। दोनों ने मिलकर पिया तू अब तो आजा जैसे ऐसे गाने दिए जो आज भी हर पार्टी की जान होते हैं। बाद में दोनों ने शादी भी की और इनकी जोड़ी ने भारतीय संगीत को एक नया मोड़ दिया, जिसे आज की पीढ़ी भी बहुत पसंद करती है। आशा ताई ने द क्रोनोस क्वार्टेट और बॉय जॉर्ज जैसे बड़े कलाकारों के साथ मिलकर काम किया है। 2011 में उन्हें बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया था। वे उन गिने-चुने भारतीय कलाकारों में से हैं जिन्होंने हमारे संगीत को सात समंदर पार एक नई पहचान और सम्मान दिलाया है। भारत सरकार ने भी आशा की कला को सलाम करते हुए उन्हें पद्म विभूषण और दादासाहेब फाल्के जैसे देश के सबसे बड़े नागरिक और सिनेमा सम्मानों से नवाजा है। ये पुरस्कार उनकी उस मेहनत का सम्मान हैं, जो उन्होंने आधी रात तक रिकॉर्डिंग स्टूडियो में बिताकर और सुरों को साधने में लगाई है। बहुत कम लोग जानते हैं कि संगीत के अलावा आशा जी को खाना बनाने और खिलाने का भी बड़ा शौक था। वे एक सफल बिजनेसवुमन भी रहीं और उनकी आशा नाम की रेस्टोरेंट चेन दुनिया के कई बड़े शहरों जैसे दुबई और बर्मिंघम में मशहूर है। वहां के लजीज भारतीय व्यंजन उतने ही हिट हैं, जितने कि उनके गाने। वे कहती थीं कि अगर वे गायिका न होतीं, तो शायद एक कुक होतीं।



## विराट कोहली की जर्सी पाकर खुश हुई कोरियन कंटेंट क्रिएटर

आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की फैन और दक्षिण कोरियाई कंटेंट क्रिएटर मिशेल का एक वीडियो इन दिनों चर्चा में है। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे भारत से आए एक पार्सल को अनबॉक्स करती नजर आईं। पार्सल में आरसीबी की लाल जर्सी थी, जिस पर नंबर 18 और विराट कोहली लिखा हुआ था। जर्सी देखते ही मिशेल ने इसे गले से लगाया और पहनकर अपनी खुशी जाहिर की। मिशेल ने अपने वीडियो में कहा कि लोग कहते हैं आरसीबी के पास ग्लोबल फैंस नहीं हैं, लेकिन वे कोरिया से टीम को पूरा सपोर्ट करती हैं। कंटेंट क्रिएटर ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, मैं एक कोरियन आरसीबी फैन हूं। मुझे जर्सी भले ही देर से मिली हो, लेकिन टीम के लिए मेरा प्यार कभी देर से नहीं आया।

# सलमान की 'मातृभूमि' में नहीं होगा चीन का नाम




सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि को लेकर नई खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में कई बदलाव किए गए हैं ताकि भारत-चीन के बेहतर होते कूटनीतिक संबंधों पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। गौरतलब है कि फिल्म का नाम पहले बैटल ऑफ गलवान रखा गया था, जिसे इस साल बदलकर मातृभूमि कर दिया गया। यह फिल्म 2020 में भारत और चीन के बीच हुए संघर्ष पर आधारित थी। हाल ही में दोनों देशों के रिश्ते बेहतर हुए हैं, इसलिए रक्षा मंत्रालय को फिल्म के कंटेंट को लेकर कुछ आपत्ति थी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट में बताया गया है कि मंत्रालय के निर्देश के अनुसार फिल्म में चीन का नाम नहीं लिया जाएगा। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया, पहले यह फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित थी, लेकिन रक्षा मंत्रालय के कहने पर सलमान खान और डायरेक्टर अपूर्व लाखिया ने फिल्म को दोबारा शूट किया और कहानी में थोड़ा फिक्शन एंगल जोड़ दिया। लगभग 40 प्रतिशत फिल्म दोबारा शूट की गई, जिसमें रोमांटिक सीन और बैकस्टोरी भी जोड़ी गई। मेकर्स ने नई फिल्म मंत्रालय को भेजी ताकि उन्हें एनओसी मिल सके, लेकिन मंत्रालय को अभी भी कुछ चिंताएं हैं। सूत्र ने आगे बताया, सलमान खान से यह भी कहा गया कि फिल्म में चीन का नाम बिल्कुल नहीं होना चाहिए। यह बात पहले ही मेकर्स को बता दी गई थी। इस महीने जो नया वर्जन जमा किया गया है, उसमें चीन का कहीं जिक्र नहीं है। फिल्म 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन शूटिंग और कंटेंट में बदलाव के कारण इसे टाल दिया गया। वहीं दूसरी तरफ, सलमान खान जल्द ही दिल राजू के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म में नयनतारा भी नजर आएंगी।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा रद्द करने सहित दो सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों की विशाल वाहन रैली एवं धरना प्रदर्शन



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा, विकासखंड नरसिंहपुर के तत्वावधान में शिक्षकों द्वारा अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर विकासखंड स्तरीय विशाल वाहन रैली एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया। रैली मुशरान पार्क से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पहुँची, जिसमें विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गतशिक्षक-शिक्षिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।रैली के दौरान शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा को रद्द करने तथा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के शिक्षकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे शिक्षकों की एकजुटता और अपनी मांगों के प्रति गंभीरता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

रैली शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।संयुक्त मोर्चा के मनीष कटारे, राकेश दुबे, हरिओम शर्मा, इकबाल कुरैशी, विवेक मिश्रा,भागीरथ विश्वकर्मा, आशीष नामदेव,प्रदीप मेहरा,श्रीमती शालिनी जाट, सुमित्रा ठाकुर, दीपिका नामदेव, ने पात्रता परीक्षा को निरस्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को दोहराते हुए आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में भोपाल पहुंचने की अपील कर रणनीति पर चर्चा की गई।

## सभी हितग्राही शासकीय उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करें

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजनांतर्गत माह अप्रैल 2026 के खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित की गई है। जो हितग्राही माह अप्रैल 2026 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किए है, ऐसे हितग्राहियों से अपील है कि 12 अप्रैल 2026 तक खाद्यान्न प्राप्त कर लें। उन्होंने सभी उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि 12 अप्रैल को अनिवार्य रूप से दुकान खोलेंगे। ऐसे हितग्राही, जिन्होंने माह अप्रैल 2026 का खाद्यान्न अभी तक प्राप्त नहीं किए हैं, उन्हें सूचना देकर अनिवार्य रूप से खाद्यान्न प्रदाय करेंगे।

## ग्राम रीछई में बोरी बंधान से बहते पानी को रोका गया, जल संरक्षण की दी गई मिशाल

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

करेली विकासखंड की ग्राम पंचायत रीछई ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐसा कार्य कर दिखाया है, जो पूरे जिले के लिए प्रेरणा बन गया है। यहां मृगननाथ जलाशय नाले पर 56 बोरियों से बोरी बंधान बनाकर बहते पानी को रोकने की अनूठी पहल की गई है। जिले में 30 जून 2026 तक चलाए जा रहे इस जल गंगा संवर्धन अभियान में सुरक्षित जल- समृद्ध कल की थीम को धरातल पर उतारते हुए ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान से यह कार्य पूरा किया। जल स्त्रोत सेवा समागम एवं बावड़ी उत्सव के तहत किए गए इस प्रयास ने जनभागीदारी की सशक्त मिसाल पेश की है। बोरी बंधान के निर्माण से अब नाले का पानी संरक्षित होगा, जिससे गर्मी के दिनों में जल संकट से राहत मिलेगी। ग्रामीणों, पशु-पक्षियों और किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। भू-जल स्तर में सुधार होने के साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्ध होगा। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मृगननाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।



# सर्व ब्राह्मण महिला जागृति संघ ने किया सुहागले पूजा कार्यक्रम

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस सर्व ब्राह्मण महिला जागृति संघ की अध्यक्ष श्रीमती पूजा तिवारी के कुशल नेतृत्व में एवं सभी बहनों के सहयोग से सुहागले पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम अत्यंत भव्य और मनमोहक रहा। इस पावन अवसर पर लाल सुहाग श्रृंगार में सजी सभी सुहागिन माताएँ अत्यंत सुंदर और दिव्य प्रतीत हो रही। उल्लेखनीय है सर्व ब्राह्मण महिला जागृति संघ द्वारा नित नए आयोजन संपन्न होते रहते हैं जिसमें सामूहिक सुहागलो का आयोजन पहली बार किया गया जिसमें सभी बहनों ने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष किया जाए।इसी आयोजन के साथ ही तीन बहनों का जन्मदिन मनाया गया और उन्हें तिलक लगाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संगठन द्वारा जन्मदिन मनाने की शुरुआत भी एक नवीन पहल है जिसमें एक सप्ताह के भीतर जिन जिन बहनों का जन्मदिन आता है एक दिन निश्चित करके उनका जन्मदिन मनाया जाता है। इस आयोजन में अनेक माताओ की उपस्थिति रही ।



# सांगई के स्कूल में बच्चों ने डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती सप्ताह में बनाये चित्र

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर द्वारा जारी आदेशानुसार स्कूलों में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी आदेश के परिपालन बीते शनिवार को समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के परिपेक्ष्य में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों ने डॉ अम्बेडकर जी का चित्र बनाया जिसमे छात्रा कुसुम केवट के चित्र को प्रथम स्थान दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जीवनी से अवगत कराया। इस आयोजन मे प्रधानपाठक दशरथ जाटव,राजेश कौरव,मधुसूदन पटैल, विवेक नाईक, देवेन्द्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट सहित विद्यार्थियों में हंसराज केवट, चंद्रप्रकाश केवट, तारा केवट आदि की अहम भूमिका रही।

# शराब पीकर वाहन चलाने एवं मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध पुलिस का तीन दिवसीय विशेष अभियान

## विभिन्न स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित किए गए

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों एवं मॉडिफाइड साइलेंसर (तेज आवाज/पटाखा साउंड) का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। शराब पीकर वाहन चलाने पर 29 चालकों पर कार्यवाही =* अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से चालकों की जांच की गई। शराब के नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर 29 संबंधित चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए चालान बनाए गए एवं आवश्यकतानुसार वाहन जप्त किए गए।मॉडिफाइड साइलेंसर वाली 19 मोटरसाईकिल जप्त =* इसके साथ ही मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने एवं आमजन को असुविधा पहुंचाने वाले वाहन चालकों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। ऐसे 19 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए साइलेंसर हटाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गई। पुलिस द्वारा इस दौरान आमजन को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन चलाने एवं दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने हेतु समझाइश भी दी गई। इस विशेष अभियान के परिणामस्वरूप यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी तथा सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला।



## कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के प्रयासों से विकास को मिली नई दिशा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शहर के विकास कार्यों को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हुई प्राप्त नगर के शंकराचार्य वार्ड क्रमांक 23 स्थित जवारे समिति प्रांगण में डोमशेड निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना की पहली किस्त के रूप में 50 लाख रुपये नगर पालिका को प्राप्त हो चुके हैं यह स्वीकृति पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अनुशंसा पर शहरी विकास मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई है। डोमशेड के निर्माण से क्षेत्र में आयोजित होने वाले धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ होगा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए जय अंबे ट्रस्ट के सचिव एवं जवारे समिति के अध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी ने कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य न केवल क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा, बल्कि आने वाले समय में शहर के लिए एक आदर्श उदाहरण भी बनेगा उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी इस स्वीकृति का स्वागत करते हुए इसे शहर विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

# उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के छात्र अर्पित यादव ने किया नागालैंड भ्रमण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारत सरकार की समग्र शिक्षा अभियान के तहत एक *भारत श्रेष्ठ भारत *योजना के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के कक्षा 11 वीं के छात्र अर्पित यादव का चयन हुआ था । भारत सरकार की इस योजना का उद्देश्य छात्र छात्राओं को भारत की विविध संस्कृति को नजदीक से दिखाना एवं एक दूसरे के प्रति सम्मान के भाव को जागृत कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत बनाना है ।इस योजना के अंतर्गत उक्त छात्र को विगत दिवस नागालैंड की यात्रा का अवसर प्राप्त हुआ। राज्य स्तर से आयोजित इस यात्रा का अवसर विभिन्न जिलों के उन छात्र छात्राओं को प्राप्त हुआ जिन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों में विशेष योगदान दिया था । उक्त छात्रों को नागालैंड की राजधानी कोहिमा का भ्रमण कराया गया । साथ ही उन्होंने नागालैंड की कोनहुआ और किसामा जनजाति क्षेत्र का भ्रमण कर उनकी भाषा, संस्कृति, खान-पान रहन-सहन इत्यादि की जानकारी हासिल की । साथ ही वहां पर स्थित कैथेड्रल चर्च का भी भ्रमण किया । उन्होंने वहां के सामुदायिक भवनों और स्कूलों को देखा । दल के सभी छात्र वहां के लोगों के आचार-व्यवहार और ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अत्यधिक प्रभावित हुए । वापसी के दौरान दिल्ली स्थित इंडिया गेट एवं अमर शहीद जवान स्मारक को भी देखने का अवसर प्राप्त हुआ ।उक्त छात्र की वापसी पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा, अतिरिक्त परियोजना समन्वयक श्री विपनेश जैन, संस्था प्राचार्य श्री जी एस पटेल एवं नएन सी सी अधिकारी श्री ए आर राव, छात्रावास अधीक्षक श्री पंकज उमरे, कक्षा शिक्षक श्रीमती गीता विश्वकर्मा एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा जताई कि उनकी इस यात्रा के अनुभव भविष्य में अन्य छात्र छात्राओं को प्रेरित करेंगे और भारत सरकार की ऐसी योजनाओं का हिस्सा बनने लिए बढ़ चढकर भाग लेंगे ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 108 खेत तालाबों के लिए 394.41 लाख की स्वीकृति जारी

**नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।** सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड अंतर्गत जिले की तीन जनपद पंचायतों में 108 खेत तालाब के नवीन कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिले की जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत 48 कार्यों के लिए 176.24 लाख रुपये, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत 18 कार्यों के लिए 64.81 लाख रुपये और जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत 42 कार्यों के लिए 153.35 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। उक्त जल संरचनाओं के निर्माण से जल संरक्षण कर सिंचाई रकबे में वृद्धि होगी, तो वहीं दूसरी ओर इन संरचनाओं से जुड़े हितग्राहियों को अतिरिक्त आय एवं रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों, तालाबों, कुओं, बावड़ियों आदि जल संरचनाओं व जल स्त्रोतों का पुनरूद्धार और संरक्षण करना है। यह अभियान जनभागीदारी से जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने, भू-जल स्तर बढ़ाने, नदियों को स्वच्छ बनाए रखने और नई जल संरचनाएं निर्मित करने के लिए 30 जून 2026 तक संचालित है।

# भारतरत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती को लेकर संपन्न हुई जिला बैठक



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। विगत दिवस जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय नरसिंहपुर में आगामी 14 अप्रैल भारतरत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला बैठक का आयोजन जिला भाजपा अध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक जी की अध्यक्षता में किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने बताया कि 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को संपूर्ण जिले में स्थापित बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमाओं की सफाई एवं परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जावेगा एवं सायं काल को बाबा साहब की प्रतिमा एवं परिसरो में दीपोत्सब का कार्यक्रम आयोजित करना है। चैराहो तथा अन्य सार्वजनिक केन्द्रो को बाबा साहब के सम्मान में उनको फूलो से सजाया जाना है। 14 अप्रैल को जिले के प्रत्येक बूथ सहित पार्टी के कार्यालय पर बाबा साहब के चित्रो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करना है साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करना है इसके अलावा पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं प्रमुख नेताओं को समाज के साथ भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बाबा साहब की प्रतिमा एवं चित्रो पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण करना है।उक्त बैठक में जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव, राजाराम कस्तवार, जिला मंत्री रजत चैहान, अनु.जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष कमल खटीक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण एवं मंडल महामंत्रीगण सहित अपेक्षित भाजपाजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जारी की जिला कार्यकारिणी, संगठन को मजबूती देने का संकल्प

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुमति के उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी द्वारा नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस कार्यकारिणी में संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। घोषित कार्यकारिणी में 1 कोषाध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष, 15 महामंत्री, 20 सचिव, 2 प्रवक्ता एवं 2 सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। यह टीम जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने, जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनता, किसानों, युवाओं एवं गरीब वर्ग के हितों के लिए संघर्ष करती आई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में जिले में विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस सक्रिय भूमिका निभाएगी और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को और तेज किया जाएगा। कार्यकारिणी इस प्रकार है। कोषाध्यक्ष हनुमान खण्डेलवाल उपाध्यक्षरू कुलदीप निगम, महमूद अहमद, श्रीनिवास शर्मा, सुनील खरे (गुड्डू), मुबारक मास्टर, सुजीत सिंह चंदेल, अनुज मिश्रा, राजीव शर्मा, उमा धुर्वे, गीता कोल महामंत्री सुन्दरलाल गुप्ता, शोभाराम पटेल, शेखर चौधरी, हनुमान मिश्रा, राजेश चमड़िया, हीरामणि पटेल, शिवशंकर शुक्ला, संजय शुक्ला, जितेन्द्र सिंह 'जित्तू', कौशलमणी सोनी, सुफियान खान, दलप्रताप सिंह, ओ.पी. शुक्ला, चंद्रमा तिवारी, सत्यनारायण साहू सचिवरू राजकुमार कोल, पुष्पेन्द्र पटेल, ओमप्रकाश मिश्रा, रेखा अयोध्या राव, रज्जन खान, रमेश जायसवाल, अवधनरेश चतुर्वेदी, इन्द्रकुमार मिश्रा, मो. रज्जाक, श्रीराम मिश्रा, महेन्द्र सिंह बघेल (अमित), विष्णु गौतम, शैलजा सिंह, विवेक तिवारी (बिक्कू), नंदकुमार पाण्डेय, प्रकाश सोनी, राजेश बैगा, सौरभ जैन, पुष्पेन्द्र परौहा, चन्द्रभूषण मिश्रा प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, भानू दीक्षित सोशल मीडिया प्रभारी, हुसैन अली, गंगाधर चौधरी अंत में समन्वय एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संचनाओं के पुनरूद्धार/जीर्णोद्धार के कार्य सम्पन्न होंगे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड की विगत वर्ष 2009-10 एवं 2013-14 की पूर्ण परियोजनाएँ जनपद पंचायत नरसिंहपुर, चीचली, साईंखेड़ा, चावरपाठा एवं गोटेगांव में संचालित थीं। इन परियोजनाओं के अंतर्गत निर्मित की गई पक्की जल संग्रहण संरचनाओं, जिसमें 133 चेक डेम और 42 स्टॉप डेम के कार्यों का चिन्हांकन किया गया है। जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत 75, चीचली के अंतर्गत 62, साईंखेड़ा के अंतर्गत 17 चांवरपाठा के अंतर्गत 10 और गोटेगांव के अंतर्गत 11 कार्य शामिल हैं। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने बताया कि उक्त पुरानी जल भंडारण संरचनाओं के पुनरूद्धार/ जीर्णोद्धार और मरम्मत का कार्य शासन की गाइड लाइन अनुसार उक्त परियोजनाओं के स्तर पर संधारित वॉटरशेड विकास विकास निधि खातों में संचित निधि से प्रति कार्य अधिकतम 50 हजार रुपये अथवा प्रस्तावित व्यय का 50 प्रतिशत राशि जो भी कम हो, से किया जाएगा। उक्त शासकीय व सामुदायिक भूमि पर निर्मित संरचनाओं व परिसम्पत्तियों की मरम्मत/अनुरक्षण का परियोजना में गठित उपयोगकर्ता दल के सदस्यों के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रस्ताव को ग्राम सभा से अनुमोदन कराया जाएगा। उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सक्षम प्राधिकारी यथा कार्यपालन यंत्री/ सहायक यंत्री से प्राप्त की जाएगी। तत्पश्चात कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति संबंधित परियोजना क्षेत्र की जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा की जाएगी। कार्य क्रियान्वयन के लिए एजेंसी ग्राम पंचायत होगी। उन्होंने बताया कि निर्मित संरचनाओं व परिसम्पत्तियों की मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य का मूल्यांकन संबंधित क्लस्टर के अधिकृत उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अथवा विकासखंड अभियंता-मनरेगा जनपद पंचायत के माध्यम से किया जाएगा। संबंधित उपयंत्री से प्राप्त मूल्यांकन प्रतिवेदन का परीक्षण कार्य का भौतिक सत्यापन के आधार पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा वांछित राशि के आहरण के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बीतली के ग्राम कलमेटा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कलमेटा एवं संघर्ष ग्रामीण व शहरी विकास समिति घूरपुर के संयुक्त तत्वाधान में जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य राहगीर व स्थानीय नागरिकों को शीतल जल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित होगी। अभियान के तहत नागरिकों को जल के महत्व को बताया गया।

# उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी से लौटाया जा रहा खाली हाथ

## गैस एजेंसियों के संचालकों की मनमर्जी बुकिंग करने के 10 दिन बाद भी परेशानी





कटनी (स्वतंत्रमत)।

शहर में एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति व्यवस्था को खुद एजेंसी संचालक ही बिगाड़ने में लगे हुए हैं। एचपी और इंडेन के घरेलू उपभोक्ताओं के द्वारा समय पर बुकिंग करने के बाद भी उन्हें सिलिंडर नहीं मिल रहा है, जिससे वह एजेंसी पर कतार में लगने को मजबूर हैं। जब उपभोक्ताओं ने पता किया तो उनके द्वारा बुकिंग का सिलिंडर तो आपूर्ति कर दिया गया है लेकिन उनको नहीं मिला है। उपभोक्ता करीब 10 से 15 दिन से परेशान हो रहे हैं लेकिन सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत पर खाद्य विभाग की टीम ने एजेंसियों में जांच भी की। जानकारी के अनुसार जिले में घरेलू गैस सिलिंडर के तीन लाख से ज्यादा उपभोक्ता हैं और इनको 24 से अधिक गैस एजेंसियों के द्वारा आपूर्ति की जाती है। इनमें सबसे अधिक एजेंसी एचपी और इंडियन की हैं और दो लाख से अधिक उपभोक्ता एचपी के हैं। ऐसे में सबसे अधिक बुकिंग प्रतिदिन आठ हजार एचपी और इंडेन उपभोक्ताओं के द्वारा की जाती हैं और आपूर्ति करीब छह हजार की जा रही है। इसके बाद भी इंडेन के उपभोक्ता परेशान चल रहे हैं उनको बुकिंग के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल रहा है और वह परेशान होकर एजेंसी पर पहुंचकर मशक्कत कर रहे हैं। ऐसा ही हाल लगभग सभी गैस एजेंसियों का बना हुआ है। तमाम कोशिशों के बाद भी गुप्ता ब्रदर्स, पुरुषोत्तम गैस एजेंसी, कटनी गैस एजेंसी, आयुध निर्माणी, एनकेजे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित एजेंसियों से उपभोक्ताओं को सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं। परेशान होकर कुछ उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंचे तो पता चला कि उनके नाम का सिलिंडर आपूर्ति हो गया है।

यह सुनते ही वह हैरान हो गए और संचालक से जवाब मांगा तो वह कुछ नहीं बता पाया। इससे उन्होंने शिकायत दर्ज करवाई है। उपभोक्ता नीरज पचौरी, धीरज लोधी सहित अन्य ने शिकायत करते हुए बताया कि गैस एजेंसी पर बुकिंग की थी लेकिन अब तक सिलिंडर नहीं मिला है। जब एजेंसी पर पहुंचे तो मना करते हुए बताया कि सिलिंडर आपूर्ति कर दिया गया है, जबकि उनको सिलिंडर मिला ही नहीं है। ऐसे में उपभोक्ताओं का आरोप है कि उनके नाम का सिलिंडर कालाबाजारी कर बेचा जा रहा है और मोटी रकम वसूली जा रही है। ऐसे में जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए।



# नगर निगम अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

### शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता पर जताई पीड़ा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि रमाशंकर राजू तिवारी ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर मध्यप्रदेश के समस्त विकासखंडों में जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया। इसी क्रम में कटनी में हजारों शिक्षक साथियों ने नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता से उत्पन्न हो रही समस्याओं को रखते हुए बताया कि 20-25 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को अपात्र एवं अयोग्य बताना उनके सम्मान के विपरीत है। उन्होंने कहा कि उनका चयन उस समय की सरकार द्वारा विधिसम्मत प्रक्रिया से किया गया था, इसलिए पुनः परीक्षा लेना न्यायसंगत नहीं है। इस अवसर पर वंदना त्रिपाठी द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। नगर निगम अध्यक्ष ने तत्परता दिखाते हुए शिक्षकों की मांगों का समर्थन किया तथा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु समर्थन पत्र प्रेषित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे हर परिस्थिति में शिक्षकों के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने भी शिक्षकों के समर्थन में पत्र प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री को इस समस्या के समाधान एवं टीईटी से राहत देने हेतु पत्र लिखा। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक साथियों ने विधायक एवं नगर निगम अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सरमन तिवारी, संजय अग्रवाल, जे.पी. हल्दकार, रमाशंकर तिवारी, संजय मिश्रा, इलयास खान, सुशील तिवारी, अखिलेश पांडेय, रामाधार सोनू सरावगी, मनीष दीक्षित, राजेश चौबे, बालमुकुंद त्रिपाठी, पंकज पंवार, देवेंद्र तिवारी, राकेश परोहा, श्रीकांत शुक्ला, उमेश गर्ग, शिवानी मिश्रा, वंदना त्रिपाठी, दमयंती डेहरिया, शालिनी तिवारी, देवेंद्र कुल्हारा, रवि सिंह, शायरा बानो, माया गुप्ता, रीना साहू, राकेश पाठक, राजू भैया सिंह, कैलाश बड़गैया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# कटनी में अवैध उत्खनन पर प्रशासन का शिकंजा

### 5 किमी पीछा कर ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, खनिज माफियाओं में हड़कंप



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी और साहसिक कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश के पालन में जिला टास्क फोर्स समिति द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे खनिज माफियाओं में हड़कंप की स्थिति है। नगर निगम क्षेत्र में स्थित बंद पड़ी पुरानी लेटराइट खदानों से अवैध मलबा उठाव की सूचना मिलने के बाद खनिज विभाग की टीम पिछले दो दिनों से सक्रिय निगरानी कर रही थी। जांच में यह सामने आया कि कुछ स्थानीय तत्व फावड़े-तसले के माध्यम से मलबा एकत्र कर उसका अवैध परिवहन कर रहे थे। खनिज अमले ने सुनियोजित रणनीति के तहत रविवार की अलसुबह घेराबंदी कर कार्रवाई की। सुबह करीब 6 बजे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बिना वैध दस्तावेज के खनिज परिवहन करते हुए चिन्हित किया गया। टीम को देखकर चालक ने ट्रॉली खाली कर भागने का प्रयास किया, लेकिन खनिज अमले ने लगभग 5 किलोमीटर तक पीछा कर उसे धर दबोचा। जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित पुलिस थाना माधवनगर में खड़ा कराया गया है। इस पूरी कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा एवं होमगार्ड स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में तहसील स्तर पर टास्क फोर्स की कार्रवाई और अधिक तेज व प्रभावी रूप से जारी रहेगी।

## माधव नगर बाजार में रेडीमेड कपड़ा गोदाम में भीषण आग

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित एक रेडीमेड कपड़ा गोदाम में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई बताया जा रहा है कि माधव नगर मुख्य बाजार नारायण ब्रेकरी के पीछे स्थित पोशाक गारमेंट के कपड़ा गोदाम में आग लगी थी आग लगने के कारण अज्ञात बताए जा रहे हैं स्थानीय लोगों के द्वारा पोशाक गारमेंट संचालक राममोहन लाल मेंहानी जो की कैरिन लाल निवासी है उन्हें सूचना दी गई वे तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया आग इतनी भीषण थी की मौके पर तीन दमकल वाहनों को मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता मिली आग लगने के कारण हुए नुकसान का अभी विस्तृत आकलन नहीं किया जा सका है।

# जिले में 25 अप्रैल तक मनेगा नारी शक्ति वंदन का उत्सव

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से रू-ब-रू होंगे आम नागरिक

### अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** जिले में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जायेगा। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के प्रावधानों से आम जनता को अवगत कराना और महिला नेतृत्व का उत्सव मनाना है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने पखवाड़े का जन-उत्सव के रूप में सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों दिशा-निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा (नारी शक्ति पदयात्रा) निकाली जाएगी, जिसमें समाज की प्रबुद्ध महिलाएँ सहभागिता करेंगी। युवाओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विशेष (नारी शक्ति वंदन दीवार) तैयार की जाएगी, जहाँ युवा पीढ़ी पेंटिंग और संदेशों के माध्यम से नारी शक्ति के प्रति अपने विचार व्यक्त करेंगी। पखवाड़े का एक महत्वपूर्ण पड़ाव 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती होगा। इस दिन जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने साथ



ही त्रि-स्तरीय पंचायतों, नगरीय निकायों और शैक्षणिक संस्थानों में गोष्ठियाँ व सेमिनार आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस पूरे अभियान को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ले जाया जाएगा। नारी शक्ति वंदन के प्रेरक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाएंगे। वहीं, महिला स्व-सहायता समूहों, लखपति दीदी और लाड़ली बहना को इस अभियान का मुख्य चेहरा बनाया जाएगा। औद्योगिक, व्यापारिक और सहकारी संगठनों में भी व्याख्यान आयोजित कर महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक भागीदारी पर जोर दिया जाएगा। कलेक्टर ने उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से जिले के सभी कॉलेजों और स्कूलों में व्याख्यान और प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे भावी पीढ़ी महिला सशक्तिकरण के कानूनी और सामाजिक पहलुओं को समझ सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में सभी स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जन-प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाकर इस पखवाड़े को लोक उत्सव के रूप में मनाया जाये।

## अग्रवाल समाज द्वारा निःशुल्क योग शिविर का आयोजन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** निःशुल्क योग शिविर सराहनीय रहा। अध्यक्ष पवन मित्तल के कार्यकाल में अग्रवाल समाज योग शिविर बहुत ही अच्छे से संपन्न हुआ और पूरी टीम की मेहनत रंग लाई। आचार्य मुकेश के मार्गदर्शन में सभी ने योग वा योग के साथ ध्यान साधना का भी अनुभव किया, यह योग शिविर इसी सोच को आगे बढ़ा रहा है। स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ परिवार और स्वस्थ परिवार से स्वस्थ समाज बनता है। योगाचार्य मुकेश का साल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही सहयोगी अर्चना सोनी को भी पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस शिविर में उपस्थित ०३ अप्रैल से 11 अप्रैल, तक पुरुषोत्तम, दुर्गा प्रसाद, पवन मित्तल, कंछेदी लाल, ज्ञान प्रकाश, मुरली मनोहर, मोहन, अनंत राम, संतोष, अनिल, अनिरुद्ध, राजकुमार, (सगोनी) अनुराग, पंकज, अविनाश, वीरेंद्र, वैभव, सागर, सत्यम, नवलेश, श्रीकांत, ऋषि राज, हर्षित, आशीष, अंकित, अंबिकेश, विविध, अमित, अभिनय, ममता, पुष्पा देवी, निमिषा, अलका मोदी, रश्मी, सीमा, माया, संगीता, एकता, रेखा, पायल, प्रीती, अलका, सीमा, निकिता, सपना, किरन एवं अन्य महिला पुरुषों की उपस्थिति सराहनी रही। रोज फल, एनर्जी ड्रिंक, अंकुरित अनाज की व्यवस्था निमिषा, संगीता अग्रवाल होटल, अलका मोदी, कंछेदी लाल, मोहन, (देव पद) पंकज, अविनाश, हर्षित एवं अन्य सभी का सहयोग रहा। पूरी टीम और मातृशक्ति एवं समस्त अग्रवंशज को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक हार्दिक बधाई।

## जमीनी हकीकत परखने मैदान में उतरी जिला पंचायत सीईओ

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** जिले में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ ने बहोरीबंद क्षेत्र का दौरा कर जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत बहोरीबंद कार्यालय, विभिन्न शासकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने शिक्षा, पोषण और ग्रामीण विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं को करीब से देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष रूप से विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई, बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण एवं मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जनपद पंचायत कार्यालय में भी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। सीईओ ने अधिकारियों को शासन की योजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लागू करने के निर्देश देते हुए लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। यह दौरा प्रशासन की जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# अक्षरनंदन विद्यालय में कक्षा 5वीं आंठवी का परिणाम हुआ घोषित

कटनी (स्वतंत्रमत)।

सम्पूर्ण भारत वर्ष मे पुनः कक्षा पांचवी और कक्षा आंठवी को बोर्ड परीक्षा किए जाने पर विशेष सराहनीय पहल की गई। इसका विशेष प्रतिफल अर्जित किए छात्र छात्राओ ने आगे बढ़कर अच्छे परिणाम प्राप्त किए। अक्षरनंदन विद्यालय के संस्थापक एंव डायरेक्टर अधिवक्ता अंनत पांडेय के मार्गदर्शन मे विद्यालय की प्राचार्या माडंवी पांडेय के दिशा निर्देशनुसार कक्षा पांचवी और कक्षा आंठवी के छात्राओ ने सबसे अधिक प्रतिफल अर्जित कर बाजी मारी छात्राओ का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीना रजावत एंव समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने उपस्थित हुए सभी सम्मानित छात्र छात्राओ को शिक्षा का मूल मंत्र बताए हुए कहा कि जो बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से जुडकर अच्छी तरह से पूरी ईमानदारी निष्ठा और लगन के साथ मिलकर पढाई लिखाई करता है वो केवल अपने माता पिता का मान नही बढ़ाता वह पूरे परिवार समाज और देश का नाम रोशन करता है इसलिए शिक्षा ग्रहण करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पीयेगा वह



उतनी ही तेजी से दहाडेगा। कार्यक्रम सर्वप्रथम मां भारतीय के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथियों द्वारा आत्मीय द्वारा भव्य छात्र छात्राओ को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करे वाले होनहार छात्र-छात्रों को गोल्ड मेडल पहनाकर उन्हे विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा प्रतियोगिताओं मे बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और हौसला अफजाई करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्या माडंवी पांडेय ने शासन प्रशासन की इस पहल की सराहनीय प्रंशसा की कक्षा पांचवी और आंठवी को पुनः बोर्ड घोषित किए जाने से बच्चो को आगे बढ़ने में अब अधिक मेहनत करनी होगी और आगे चलकर अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम मे विशेष सराहनीय सहयोग विद्यालय के उप निदेशक कुलदीप पांडेय एंव शारदा पांडेय, मीडिया प्रभारी अर्चना गुप्ता, रोशनी नायक, चंचल तिवारी, शालिनी पांडेय, गणित विशेषज्ञ निहित सिंह सहित समस्त विद्यालय की सम्मानित शिक्षिको की मेहनत और लगन का प्रयास था। विद्यालय नई सोच और नयी तकनीक के साथ मिलकर शिक्षा कौशल विकास मे सहयोग प्रदान करेगा।

## विधायक संजय पाठक ने की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट

### दी जनकल्याणकारी प्रयासों की विस्तृत जानकारी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नई दिल्ली स्थित निवास पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान विधायक ने केंद्रीय गृह मंत्री से आत्मीय मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट के दौरान विधायक ने विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों, आधारभूत संरचना योजनाओं तथा जनकल्याणकारी प्रयासों की विस्तृत जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री को दी। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया तथा जनहित में निरंतर कार्य करते रहने के लिए विधायक को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# मानव जीवन विकास समिति ने डॉ. रन सिंह परमार की श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

### अहिंसात्मक जीवन जीने की कला सिखाई है डॉ. रन सिंह परमार ने

### श्रद्धांजलि सभा के बाद डॉ. रन सिंह परमार स्मृति उपवन की स्थापना की गई

### अहिंसा के रास्ते चलने से दुनिया में शांति आएगी- राजगोपाल पी.व्ही.





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह बताते है की डॉक्टर रन सिंह परमार 72 वर्ष की आयु में 13 मार्च को तिल्दा रायपुर (छत्तीसगढ़) के एक सामाजिक सभा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद आकस्मिक निधन हो जाने से पूरे संगठन को छति पहुंची है। आपके याद में समिति सभागार बिजौरी कटनी में प्रख्यात गाँधीवादी विचारक राजगोपाल पी.व्ही., जिल कार हेरिस कनेडियन एवं सैकड़ों समाजसेवियों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विख्यात गाँधीवादी एवं एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रन सिंह परमार का जीवन कुछ इस प्रकार रहा, वे नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के राष्ट्रीय महासचिव, महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा के सचिव तथा भोपाल स्थित गांधी भवन के ट्रस्टी भी थे। पिछले लगभग 50 वर्षों से वे वंचित समुदायों के हित में जल, जंगल और जमीन पर समुदाय के अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष और पैरवी करके लाखों वंचित परिवारो की आजीविका सुनिश्चित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। डॉ. सिंह की याद में मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में डॉ. रन सिंह परमार स्मृति उपवन की स्थापना कर 500 पौधे लगवाए। ऐसा मानना है की इस उपवन में बैठने से हमें स्वच्छ हवा तो मिलेगी साथ ही हम डॉ. परमार को याद कर शांति और अहिंसा को भी पढ़ सकते है। श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए गाँधीवादी राजगोपाल पी.व्ही. द्वारा बताया गया कि डॉ. रन सिंह परमार सत्य और अहिंसा के मार्ग में चलने वाले गांधीयन व्यक्तित्व के धनि थे। डॉ. सिंह ने चम्बल क्षेत्र के डाकुओं को अहिंसा के रास्ते चलने के लिए प्रेरित किया जिसमे लगभग 600 लोगों ने अपनी बन्दूक का समर्पण कर अहिंसा को अपनाकर समाज में रहने लगे। इन्होने खादी को बचाने के लिए, कतिन और बुनकरों के रोजगार को बचाने के लिए रुई से रुमाल अभियान की शुरुआत भी की थी। राजगोपाल कहते है की दुनिया में शांति बन्दूक से नहीं, बमबारी से नहीं, हिंसा से नहीं शांति लाना है तो अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा। गांधीयन अभिनेत्री जिल कार हेरिस कनेडियन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की डॉ. रन सिंह परमार एकता परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए पूरी शांति स्थापित करने के लिए दुनिया में शांति और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित संस्था के अध्यक्ष बद्री नारायण नरडिया, उपाध्यक्ष शोभा तिवारी, सह सचिव मिलान धुर्वे, सदस्य सुशीला उपाध्याय, सदस्य मोहन नागवानी, सदस्य हरी बाई, नीरज गुप्ता, राजेंद्र सिंह ठाकुर, शाहनगर से सुशीला बहन, दमोह से घनश्याम रैकवार, अभय पटेल, चंद्रपाल कुशवाहा, रामकिशोर चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों ने सभा में भाग लेकर डॉ. रन सिंह परमार के जीवन शैली और व्यक्तित्व पर अलग अलग अपने विचार साझा किये।

# बेटियों और बहनों के विकास से ही संभव होगा समग्र विकास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपये

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बेटियों और बहनों के विकास के बिना समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वतंत्रता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार नारी सशक्तिकरण का बड़ा कार्य इसी माह होने जा रहा है। अब लोकसभा और विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए संसद की विशेष तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हमारी सरकार अब तक लाड़ली बहन योजना के माध्यम से बहनों को 55 हजार करोड़ से अधिक राशि दे चुकी है। आज आष्टा से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये अंतरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मातृ सत्ता की व्यवस्था है। अब प्रदेश में हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सीहोर जिले के आष्टा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त की राशि 1836 करोड़ रुपये हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित किये।

***छात्राओं के लिए तीन शिक्षण संस्थाओं में नई सौगात***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आष्टा की छात्राओं के लिए आज विशेष सौगात का दिन है। मुख्यमंत्री ने कन्या महाविद्यालय और कन्या विद्यालय में छात्रावास के साथ कन्या विद्यालय के भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार बेटियों को अच्छे से अच्छी शिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीहोर जिले के आष्टा में आज त्रिवेणी संगम है। आष्टा मां पार्वती नदी की उद्गम स्थली है। यहां के सांदीपनि विद्यालयों में 90 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर आए हैं। राज्य सरकार विद्यार्थियों को 4 लाख साइकिलें वितरित कर रही है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूल टॉपर बच्चों को स्कूटी दी जा रही है।

***किसान कल्याण को प्राथमिकता***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष मनाने का निर्णय लिया। किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है। किसानों के लिए अकेले दो साल में लगभग 10 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ गया है। गेहूं पर 40 रुपए बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल खरीद की जा रही है। अब गांवों में 24 घंटे बिजली सप्लाई कर किसानों को दिन में भी सिंचाई के लिए बिजली दे रहे हैं। सिर्फ 5 रुपए में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां हैं। अकेले सीहोर में 1 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों की दीदियां हैं। प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों की 65 लाख से अधिक बहनें सशक्त हुई हैं। राज्य सरकार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह के लिए 55 हजार रुपए की राशि दे रही है।

***मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कीं ये घोषणाएं***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टा में नवीन आईटीआई की स्थापना, महाविद्यालय में कन्या छात्रावास निर्माण, नाला निर्माण, जावर में शहरी सौंदर्यीकरण, जिला स्तरीय अनुसूचित बालक-बालिका छात्रावास निर्माण और आष्टा में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नवीन भवन निर्माण, जावर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करने, गुराड़िया खुर्द बैराज निर्माण, दूधी नदी पर नय बैराज, नहर निर्माण, गीता भवन बनाने की घोषणा की।

# राज्य सरकार शासकीय संस्थानों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

## उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज रीवा के नव स्थापित गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक उपकरणों का किया लोकार्पण

भोपाल (स्वतंत्र मत)



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा में नव स्थापित गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक उपकरणों का निवास कार्यालय भोपाल से वर्चुअल लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आमजन को शासकीय संस्थानों में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को साकार करती है। उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), सिंगरौली का आभार व्यक्त किया। एनसीएल ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत इन आधुनिक मशीनों की स्थापना में सहयोग किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस सुविधा से न केवल मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा, बल्कि चिकित्सा विद्यार्थियों को भी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार निरंतर प्रयासरत है कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया जाए, जिससे मरीजों को बड़े शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने यह कहा कि इस प्रकार की पहल चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। नव स्थापित गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में 20 बेड की व्यवस्था की गई है, जिसमें 16 सामान्य बेड एवं 4 आईसीयू बेड शामिल हैं। विभाग में एडवांस्ड गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी स्किल लैब की स्थापना की गई है, जो आधुनिक इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी तकनीकों से सुसज्जित है।

### अत्याधुनिक उपकरणों का मरीजों को मिलेगा लाभ

इन अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से जटिल रोगों जैसे लिवर संबंधी बीमारियाँ, पित्त नली की पथरी, कैंसरजनित पीलिया, पैंक्रियाटाइटिस, आंतों के रोग, अल्सरेटिव कोलाइटिस तथा अन्य गंभीर गैस्ट्रोएंटरोलॉजिकल समस्याओं का सटीक एवं प्रभावी उपचार अब स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। ये मशीने अत्यंत उन्नत डायग्नोस्टिक एवं चिकित्सीय प्रक्रियाओं को कम समय में, अधिक सटीकता के साथ संपन्न करने में सक्षम हैं। इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी के माध्यम से बिना बड़े ऑपरेशन के कई जटिल प्रक्रियाएँ की जा सकती हैं, जिससे मरीजों को कम दर्द, शीघ्र रिकवरी एवं कम खर्च में उपचार उपलब्ध होता है। विभाग द्वारा 6 अप्रैल से संचालन प्रारंभ होने के पश्चात अब तक 18 सफल प्रक्रियाएँ संपन्न की जा चुकी हैं, जो इसकी उपयोगिता और दक्षता को दर्शाता है। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र, डीन डॉ सुनील अग्रवाल, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग डॉ एम एच उस्मानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# खादी केवल वस्त्र नहीं राष्ट्रीय गौरव, आत्म निर्भरता और सतत प्रगति का प्रतीक

भोपाल (स्वतंत्र मत)

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में नए भारत के निर्माण के आहवान के साथ, खादी केवल वस्त्र न रहकर राष्ट्रीय गौरव, आत्मनिर्भरता और सतत प्रगति का प्रतीक बन गई है। प्रधानमंत्री ने पूज्य बापू की विरासत खादी को नए भारत की नई खादी के रूप में परिभाषित किया है, जिससे खादी पुनर्जागरण का सूत्रपात हुआ और पूरे देश में खादीङ्कग्रामोद्योग को एक नए जागरण की दिशा मिली। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, स्टार्ट-अप इंडिया जैसी पहल तथा उनका मंत्र सबका साथ, सबका विकास ने खादी एवं ग्रामोद्योग को नई वैश्विक पहचान दिलाई है। उनका दृष्टिकोण लोकल से ग्लोबल कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ रहा है, जिससे उनकी रचनात्मकता और कारीगरी को उचित सम्मान और बाज़ार उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दृष्टिकोण भी अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने आत्म निर्भर मध्यप्रदेश, युवाओं का सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और सांस्कृतिक गौरव को शासन की प्राथमिकताओं में रखा है। उनके गतिशील नेतृत्व में खादी और ग्रामोद्योग राज्य की प्रगति का सशक्त स्तंभ बन रहे हैं, जो रोजगार सृजन और परंपरागत कारीगरी को आधुनिक नवाचार के साथ पुनर्जीवित कर रहे हैं। मानव जीवन में सबसे बड़ा सुख अपने मनपसंद क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होना है। खादी एवं ग्रामोद्योग भारतीय स्वदेशी नैतिकता और स्वदेशी चिंतन से जुड़े हुए हैं। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग आत्म निर्भरता और ग्रामीण सशक्तिकरण के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज के समय में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विचारों के आदान-प्रदान और संवाद के सबसे सशक्त साधन बन चुके हैं।

# बैसाखी एवं खालसा स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)



पंजाबी महिला विकास समिति, दमोह द्वारा वैसाखी एवं खालसा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति की सभी महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया और पूरे कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन काजल जुनेजा एवं मनमीत अजमानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नीतू गांधी ने खालसा स्थापना दिवस एवं बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात अनमोल द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद सामूहिक नृत्य का भी आयोजन किया गया, जिसमें काजल जुनेजा, मंजू होगेन्या, सोनिया अरोरा, सूची अरोरा, पायल खत्री रावत, कुलजीत खंडूजा, गोल्डी खत्री तथा डॉ. ऋतु दुआ सहित कई अन्य सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान शहर की महिलाओं का सम्मान डॉ. ऋतु दुआ एवं सोनिया अरोरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैसाखी से संबंधित विभिन्न रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया तथा समय पालन को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिताएं भी रखी गईं। पूरे कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। यह आयोजन सांस्कृतिक एकता, परंपरा और उत्सव की भावना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

# बंद पुल से गुजरने की कोशिश पड़ी भारी

## सीमेंट से भरा ट्रक सड़क में धंसा, टला बड़ा हादसा

हटा (स्वतंत्र मत)



दमोह-पन्ना जिले की सीमा पर व्यारमा नदी के पुराने पुल के बंद होने के बावजूद वाहन निकालने की लापरवाही लगातार जारी है। शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब सीमेंट से लदा ट्रक यूपी94टी1616 पुल पार करने की कोशिश में सड़क पर धंस गया। जानकारी के अनुसार ट्रक दमोह जिले की सीमा पार कर जैसे ही पन्ना जिले की ओर बढ़ा, सड़क कमजोर होने के कारण अचानक धंस गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और इस मार्ग से दोपहिया वाहनों का आवागमन भी पूरी तरह बंद हो गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि या बड़ी क्षति नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब नौ माह से व्यारमा नदी पर बना पुराना पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण पूरी तरह बंद है, इसके बावजूद कुछ लोग जोखिम उठाकर बाइक और चारपहिया वाहन निकाल रहे हैं। शुक्रवार की घटना में ट्रक चालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

गौरतलब है कि व्यारमा नदी पर एक नया पुल भी बनाया गया है लेकिन एप्रोच मार्ग तैयार नहीं होने के कारण उस पर भी आवागमन शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को मजबूरन 30 से 40 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल और एप्रोच मार्ग का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए तथा बंद पुल से आवागमन पर सख्ती से रोक लगाई जाए ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# हटा टीआई ने मानसिक विक्षिप्तों को दिया नया जीवन

हटा (स्वतंत्र मत)



अक्सर पुलिस की छवि सख्ती और कानून व्यवस्था तक सीमित मानी जाती है लेकिन हटा में पदस्थ थाना प्रभारी नगर निरीक्षक सुधीर बेंगी ने इस धारणा को बदलते हुए मानवता की एक अनोखी मिसाल पेश की है। उन्होंने समाज के उन उपेक्षित और असहाय लोगों के लिए ऐसा काम किया है जो न केवल सराहनीय है बल्कि प्रेरणादायी भी है।

नगर में जगह-जगह बदहाली की स्थिति में घूम रहे मानसिक विक्षिप्त लोगों को नया जीवन देने का बीड़ा उठाते हुए टीआई बेंगी उन्हें थाने बुलवाते हैं। यहां उनके लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ व्यवस्था की जाती है। नाई बुलाकर उनकी हजामत बनवाई जाती है फिर अपने हाथों से उन्हें सुगंधित साबुन और शैम्पू से नहलाया जाता है। इसके बाद नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनकी पसंद के पेय पदार्थ भी दिए जाते हैं। सबसे भावुक पल तब आता है, जब साफसुथरे रूप में खुद को आईने में देखकर ये लोग खुशी से झूम उठते हैं। कई बार तो वे टीआई बेंगी को भगवान मानकर आशीर्वाद देते हैं। टीआई बेंगी बताते हैं कि अब तक चार ऐसे लोगों को नया स्वरूप दिया जा चुका है। इनमें लट्टू राय का मामला सबसे चुनौतीपूर्ण रहा जो शुरुआत में गालियां देते हुए थाना आने को तैयार नहीं था लेकिन बाद में वही व्यक्ति एक सुसंस्कृत और सामान्य इंसान की तरह वापस लौटा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों से उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है और समाज के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने का सच्चा अवसर मिलता है।

वे डॉ. कुँवर बैचैन के इस शेर के सच्चे हिमायती हैं, तुम्हारे दिल की चुभन भी जरूर कम होगी, किसी के पाँव से कांटा निकाल कर देखो। हटा में पुलिस का यह मानवीय चेहरा लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह पहल न केवल जरूरतमंदों को नई पहचान दे रही है बल्कि समाज को भी यह संदेश दे रही है कि सच्ची सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

## नई फसल की खुशबू और नववर्ष के उल्लास संग गूंजा बैसाखी उत्सव

**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा बैसाखी की पूर्व संध्या पर आयोजित वैसाखी उत्सव ने शहर में उत्साह, परंपरा और उमंग का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। नई फसल के आगमन और नववर्ष के स्वागत का यह पर्व किसानों की मेहनत, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है, जिसे क्लब ने अत्यंत भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिसके पश्चात बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में सज धज करढोल पर गिद्धा ओर भांगड़ा प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग जमा दिया।

# 2 दिन में किसानों को 6 करोड़ 37 लाख का भुगतान

## सात हजार से अधिक किसानों से खरीदा 3 लाख 6 हजार 190 क्विंटल गेहूँ

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी जारी है। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय खरीदी केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। उन्हें गेहूँ बेचने के लिये इंतजार नहीं करना पड़े। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 7 हजार से अधिक किसानों से 3 लाख 6 हजार 190 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। दो दिन में किसानों को 6 करोड़ 37 लाख रुपए का भुगतान भी उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। गेहूँ का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूँ का उपार्जन शुरू किया जायेगा। अभी तक एक लाख 90 हजार 261 किसानों द्वारा 85 लाख 12 हजार 830 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। गेहूँ खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। गेहूं की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है।

***उपार्जन केंद्र में किसानों के लिये गेहूं बिक्री की सभी सुविधाएं***- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि जिन जिलों में गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, वहाँ गेहूं विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने ,तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छनना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. ......../6/2025-26
जबलपुर, दिनांक..................

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रत्यूश शुक्ला पिता स्व. श्री गोविंद प्रसाद शुक्ला निवासी 1524, होम साईन्स कालेज रोड नेपियर टाउन, जबलपुर के द्वारा नजूल ब्लाक नंबर 04 प्लाट नंबर 85, 86/1 स्थित भूमि में से रकबा 2805 वर्गफुट भूमि पर कमला बाई, गिरजा बाई, नर्मदा बाई, कस्तूरी बाई, गोविंद प्रसाद की मृत्यु दिनांक 16/05/2018 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 15/04/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गाया।

जारी दिनांक 1/4/2026
पेशी दिनांक 15/04/ 2026

तहसीलदार
आधारताल जबलपुर

# नर्सिंग स्टाफ से लेकर उपकरणों तक की कमी, एक दूसरे का सहारा बन रहे मरीज

## मेडिकल कॉलेज में लड़खड़ाई स्वास्थ्य सेवाएं

### दर-दर भटक रहे मरीज






जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नेताजी सुभाष चंद्र मेडिकल कॉलेज के मल्टी सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति सामने आई है। स्टाफ की भारी कमी और अव्यवस्थाओं के कारण मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि मरीजों को एक दूसरे का सहारा लेना पड़ रहा है। इधर अस्पताल में वार्ड बॉय और सपोर्ट स्टाफ की कमी के चलते मरीजों के परिजन और अन्य मरीज ही उन्हें व्हीलचेयर या स्ट्रेचर पर लेकर जांच के लिए भटकते दिख रहे हैं। कई मामलों में मरीज एक-दूसरे को संभालते हुए एक्स-रे और अन्य जांच केंद्रों तक ले जाते हुए देखे गए, जो अस्पताल प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है।

### मशीन होने के बाद भी नहीं हो रहा उपयोग

बताया जा रहा है कि अस्पताल में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण मशीनें होने के बावजूद उनका उचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि ये मशीनें या तो खराब पड़ी हैं या बहुत धीमी गति से काम कर रही हैं, जिससे मरीजों की जांच समय पर नहीं हो पा रही है। मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थान में पर्याप्त डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक-एक डॉक्टर पर कई मरीजों का दबाव होने से इलाज की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

### सरकार से हस्तक्षेप की मांग

लोगों ने बताया कि अस्पताल की अव्यवस्थाओं को कई बार उठाया गया है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इससे लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। नागरिकों ने मप्र सरकार और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि स्टाफ की भर्ती, मशीनों को जल्द चालू करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। मेडिकल कॉलेज की वर्तमान स्थिति स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

# जलती हुई चिता में कूदा युवक, दर्दनाक मौत

## खितौला थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

खितौला थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक ने श्मशान घाट में जलती चिता में कूदकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक खितौला के वार्ड क्रमांक 15, राधाकृष्ण मंदिर के पीछे रहने वाला 27 वर्षीय शिवम कोल शनिवार रात करीब 3 बजे बिना बताए घर से निकल गया था। सुबह जब उसकी पत्नी की नींद खुली तो उसने अपने पिता को शिवम के लापता होने की सूचना दी, जिसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुट गए। इसी दौरान, खितौला स्थित हिरन नदी के किनारे बने श्मशान घाट में शनिवार को एक परिवार द्वारा अंतिम संस्कार किया गया था। रविवार सुबह जब मृतक के परिजन चिता देखने पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि जलती चिता में एक युवक बुरी तरह जला हुआ पड़ा है। यह देखकर उन्होंने तत्काल ब पुलिस को सूचना दी।

### नशे का आदी था युवक

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसी बीच, शिवम के परिजन भी खोजबीन करते हुए श्मशान घाट पहुंचे और कपड़ों के आधार पर शव की पहचान शिवम कोल के रूप में की। बताया जा रहा है कि शिवम मानसिक रूप से परेशान था और नशे का आदी था। वह खितौला में एक दुकान पर आलू बंडा बनाने का काम करता था। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# पमरे ने पकड़े लाखों बेटिकिट यात्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेल ने यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर टिकट जांच अभियान चलाकर भारी राजस्व की प्राप्ति की चेकिंग अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 18 लाख 63 हजार मामले पकड़े। इन मामलों में बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। जिनसे 127 करोड़ 15 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया । यह राशि पिछले वित्तिय वर्ष 2024-25 में प्राप्त राजस्व की तुलना में 14.57 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जाँच अभियान में 35 हजार प्रकरण से 2 करोड़ 15 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया ,जबलपुर मंडल में चलाए गए जांच अभियान में 8 लाख 22 हजार प्रकरण से 59 करोड़ 75 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया हैं, जो कि 27 प्रतिशत अधिक है। भोपाल मंडल में टिकट जांच के दौरान 6 लाख 16 हजार प्रकरण से 39 करोड़ 18 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया हैं जो 4 प्रतिशत अधिक है। कोटा मंडल को 3 लाख 90 हजार प्रकरण से 26 करोड़ 07 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जो 8 प्रतिशत अधिक है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना टिकट यात्रा न करें।

# प्रगतिशील शिक्षक संघ के अधिवेशन में पदाधिकारियों का हुआ चयन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शनिवार को केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ, जबलपुर संभाग का संभागीय अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि दिग्ग राज मीना उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग, किरण शर्मा सहायक आयुक्त, अमित श्रीवास्तव प्राचार्य पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी खमरिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल डेला राष्ट्रीय महासचिव केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ नई दिल्ली ने की। कार्यक्रम का नेतृत्व फणी भूषण पांड़े प्राचार्य पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय 1 एसएसटीसी, रजनीश कुमार सिंघई प्राचार्य पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 जीसीएफ एवं सुनीता केसर उप प्राचार्य ने किया। अधिवेशन में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से दीप्ति संत्सगी को जबलपुर संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही निमिष श्रीवास्तव को महासचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा 25 सदस्यों की कार्यकारिणी बनाई गई। जिसमें पूजा आनंद, हेमलताजी, हिमानी, विकास, पंकज शर्मा, नीरज चौहान आदि निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील कुमार जैन, निशामा सिंह प्रधानाचार्य, पंकज दत्त मिश्रा, अतुल गुप्ता, हरीश बहोरिया, पुरुषोत्तम शुक्ला, तेज लाल तिवारी एवं लगभग 50 केंद्रीय विद्यालय से आए शिक्षकों का सहयोग रहा। मंच संचालन दीप्ति संत्सगी एवं एवं आभार प्रदर्शन निमिष श्रीवास्तव ने किया।

# जबलपुर से अयोध्या के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेल प्रशासन द्वारा धार्मिक नगरी अयोध्या के लिए गाड़ी संख्या 01705/06 जबलपुर-अयोध्या धाम जंक्शन-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 13-13 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में वर्तमान में सभी श्रेणी में उपलब्ध आरक्षित बर्थों पर यात्री अग्रिम आरक्षण सुविधा का लाभ ले सकतें है। गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-अयोध्या धाम जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से शाम 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:50 बजे, अगले दिन मानिकपुर जंक्शन मध्यरात्रि 00:28 बजे, प्रयागराज छिवकी 02:15 बजे, मिर्जापुर 04:00 बजे, वाराणसी 07:05 बजे, जौनपुर जंक्शन 08:30 बजे पहुँचकर और बुधवार को अयोध्या धाम जंक्शन 11:25 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 अयोध्या धाम जंक्शन-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक प्रत्येक बुधवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन अयोध्या धाम जंक्शन से दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान कर जौनपुर जंक्शन 16:00 बजे, वाराणसी 17:10 बजे, मिर्जापुर 19:45 बजे, प्रयागराज छिवकी 21:30 बजे, पहुँचकर अगले दिन मानिकपुर जंक्शन मध्यरात्रि 00:23 बजे, सतना 01:50 बजे, मैहर 02:15 बजे, कटनी 04:35 बजे, सिहोरा रोड 05:20 बजे और गुरुवार को जबलपुर 06:45 बजे पहुंचेगी।

## गवाही बदलने तलवार लेकर धमकाया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गवाह को धमकाते हुए कोर्ट में गवाई बदलने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना गढ़ा में 26 वर्षीय राजा विश्वकर्मा निवासी शक्तिनगर चौक गुप्तेश्वर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह घर पर नहीं था। उसके पिता मनोज विश्वकर्मा घर के बाहर खड़े थे तभी नंदू उर्फ नितेश तिवारी अपने 2 साथियों के साथ बाइक से तलवार लेकर आया और उसके पिता से बोला कि तुम्हारा लड़का राजा कहा है, जैसे ही मनोज ने कहा कि राजा घर पर नहीं है तो नंदू तिवारी मनोज के साथ गाली गलौज करते हुये बोला कि अपने लड़के राजा को समझा लो वर्ष 2024 में जो केस न्यायालय में चल रहा है। उसमें राजा की गवाही होनी है गवाही मेरे पक्ष में नहीं दिया तो राजा को गोली मार कर हत्या कर दूंगा उस बार तो बच गया था दुबारा नहीं बचेगा धमकी देते हुये बाइक से तीनों चले गये। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया है।

# भव्यता के साथ मनाया गया नेमा समाज का गौरव अलंकरण समारोह

## विभूतियों का हुआ सम्मान, हुए विविध आयोजन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहीद स्मारक सभागार में रविवार को नेमा युवक संघ जबलपुर के संयोजन में अखिल भारतीय श्री दशा नेमा वणिक समाज के 15वें राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सामान्य सभा एवं नेमा समाज के गौरव अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिलेश गुमाश्ता अध्यक्षता, डॉ पी नेमा ने की। राष्ट्रीय महासचिव एवं नेमा समाज जबलपुर के अध्यक्ष राकेश नेमा, सचिव आनंद नेमा, सुनील नेमा उपस्थित रहे ।

***समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता***- कार्यक्रम में मुख्यातिथि राव उदय प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में इस तरह से पुरस्कृत कर युवा वर्ग में एक उत्साह जगाना अच्छी बात है। सामाजिक कार्यक्रम में नेमा कि आज जो मातृशक्ति की इतनी ज्यादा संख्या देखकर बहुत अच्छा लगा मातृ शक्तियों की भागीदारी से समाज को नई दिशा मिलती है। उन्होंने आज युवा वर्ग और समाज को एक जुट रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ मनीष नेमा हिमोटोलॉजिस्ट इन्दौर, डॉ प्रशांत भारतीय आई स्पेशलिस्ट इंदौर, वरिष्ठ एडवोकेट सुप्रीप कोर्ट सुमित नेमा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विष्णु नेमा, शशिकांत नेमा सहित कई विभूतियों को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

## लकड़ी के टाल में लगी भीषण आग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गंगा सागर गढ़ा क्षेत्र में देर रात तीन बजे टिम्बर टॉल में आग लग गई, जिससे टॉल में रखी लाखों रुपए की लकड़ी जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंची अग्निशामक दाल की गाडियों ने घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लियाप्राप्त जानकारी किए अनुसार गंगा सागर गढ़ा स्थित सत्य साईं टिम्बर एडं प्लाइवुड में देर रात तीन बजे के लगभग अचानक आग लग गई। लकडियों में लगी आग एकदम से विकराल हो गयी जिसकी लपटें दूर दूर तक दिखाई देने लगी लपटें देख आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, जिन्होने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन लकडियों में लगी आग फैलती ही गयी जिसके बाद कुछ लोंगो ने तत्काल दमकल को खबर की और करीब पांच गाडियों ने मौके पर पहुंचकर तीन घंटे तक लगातार पानी डाला और आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में टॉल में रखी करीब सात लाख रुपए की लकड़ी जलकर खाक हो गई, लोगों का यह भी कहना है कि टॉल में कर्मचारी सो रहे थे, जो आग देखकर बाहर आ गए, नहीं हो बड़ा हादसा हो सकता था।

# बाबा बनकर दिया करोड़ों का झांसा पुलिस ने 70 किमी पीछा कर दबोचा

## रकम लेकर हुए थे फरार, बरगी थाने का मामला



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरगी थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया तिराहे पर लग्जरी कार से आए 2 बदमाशों ने एक युवक से 5 करोड़ रुपए दिलाने का झांसा देकर 38 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत सिवनी पुलिस को अलर्ट किया। इसके बाद घेराबंदी कर आदेगांव थाना और बरगी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कार में मौजूद तीन अन्य युवकों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने लूटे गए 38 हजार रुपए भी बरामद कर लिए हैं। जानकारी के मुताबिक तिलवारा थाना क्षेत्र के ग्राम इटखरी निवासी 34 वर्षीय पवन कुमार पटेल ठेकेदारी का काम करते हैं। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे अपने साथी चेतराम सरोते के साथ बाइक से बरगी जा रहे थे। जैसे ही वे खमरिया तिराहे पहुंचे, वहां एक लग्जरी कार आकर रुकी, जिसमें से बाबा के वेश में 2 लोग उतरे और पवन को अपने पास बुलाया। कुछ देर बातचीत के बाद लुटेरों ने चमत्कार दिखाने के नाम पर जमीन से मिट्टी उठाकर उसे रुपए में बदलने का दिखावा किया। यह देखकर पवन उनके झांसे में आ गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि वे उसके 38 हजार रुपए को 5 करोड़ में बदल सकते हैं।

***रूपए छीनकर हुए फरार***- जैसे ही पवन ने अपने पास रखे रुपए निकाले, दोनों बदमाशों ने फुर्ती से 38 हजार रुपए छीने और कार से सिवनी की ओर भाग निकले। पवन ने बाइक से उनका पीछा भी किया और तुरंत बरगी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीएसपी अंजुल अंयक मिश्रा टीम के साथ सक्रिय हुए और कंट्रोल रूम को अलर्ट किया गया। इसके बाद सिवनी पुलिस ने भी घेराबंदी कर नेशनल हाईवे स्थित ग्राम जोबा में कार को रोक लिया। वाहन में सवार पांच लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में पवन कुमार ने बताया कि वह सीमेंट फैक्ट्री में काम से जा रहा था। रास्ते में बाबा के वेश में खड़े लोगों ने उसे रोक लिया। उन्होंने भगवान का नाम लेते हुए पहले उसके सिर पर हाथ फेरा और फिर गले में हाथ डालकर कहा कि उसके कुछ रुपए को करोड़ों में बदला जा सकता है। पवन ने बताया कि वह उनकी बातों में आ गया और जैसे ही उसने जेब से रुपए निकाले, बदमाशों ने फुर्ती से पैसे छीन लिए और फरार हो गए। उसने कहा कि वे बाबा के भेष में थे, इसलिए वह उन पर भरोसा कर बैठा, लेकिन उसे समझ ही नहीं आया कि कब उसके साथ लूट हो गई।

***घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा***- पवन कुमार पटेल ने जैसे ही बरगी थाना पुलिस को सूचना दी तो, सीएसपी के नेतृत्व में टीम सिवनी की ओर रवाना हुई। इधर आदेगांव थाना पुलिस भी घेराबंदी कर चुकी थी। जैसे ही कार जोबा गांव के पास पुहंची तो आदेगांव और बरगी पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवार लुटेरों को दबोच लिया। कार में पांच लोग सवार थे, सभी को बरगी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि लुटेरे दो थे या फिर पांच, जो कि गैंग के रुप मे काम कर रहे है। शुरुआती जांच में मास्टरमाइंड विक्रम नाथ पिता सरदार नाथ उम्र 37 साल निवासी यादव मोहल्ला तलाब के पास सेक्टर 01 बिसरक थाना बिसरक तहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर राज्य उत्तरप्रदेश और नवीन नाथ पिता सुरेश नाथ उम्र 29 साल निवासी अच्छेजा पोस्ट अमरोली तहसील पलवल थाना हसनपुर जिला पलवल हरियाणा का नाम सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं।

## ठेला संचालक से मारपीट

**जबलपुर।** गोरखपुर थाने में 23 वर्षीय सत्यम केशरवानी निवासी इंद्रानगर रेंजर किराना स्टोर के पास गुप्तेश्वर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कृपाल चौक में सब्जी का ठेला लगाता है। रात लगभग 10 बजे अपना ठेला लेकर घर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में मोहल्ले का शराब के नशे में उसके ठेले में कट मार दिया। जब उसने कहा कि ठीक से गाड़ी चलाओ तो छूटु गाली गलोज करते हुये हमलाकर घायल करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**